इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## उद्धव ठाकरे के बिगड़े बोल : अमित शाह को बताया अहमद शाह अब्दाली का वंशज, देवेंद्र फडणवीस को कहा 'खटमल'

नई दिल्ली। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार, 3 अगस्त को बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उद्धव ने बीजेपी पर 'पावर जिहाद' करने का आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि बीजेपी सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक पार्टियों को तोड़ने का काम कर रही है। उद्धव यहीं नहीं रुके, उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'खटमल' तक कह दिया।



### गृह मंत्री अमित शाह को बताया अहमद शाह अब्दाली का वंशज

उद्धव ठाकरे ने गृह मंत्री अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली का वंशज बताया। बता दें कि अहमद शाह अब्दाली वही शासक था, जिसने पानीपत की लड़ाई में मराठों को हराया था। दरअसल, 21 जुलाई को पुणे में अमित शाह ने उद्धव ठाकरे को 'औरंगजेब फैन क्लब' का नेता बताया था। उद्धव ने इसी टिप्पणी का जवाब देते हुए यह बात कही।

### 'औरंगजेब फैन क्लब के नेता उद्धव ठाकरे'

21 जुलाई को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला किया था। उन्होंने कहा था कि उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं जिन्होंने 1993 के मुंबई धमाकों में दोषी याकूब मेमन के लिए जीवन की भीख मांगी थी। साथ ही कहा कि यह 'औरंगजेब फैन क्लब' देश और महाराष्ट्र की सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता।

### शाह ने शरद पवार को बताया 'भ्रष्टाचार का बादशाह'

अमित शाह ने शरद पवार पर निशाना साधते हुए उन्हें भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी बताया था। अमित शाह ने कहा कि अगर किसी नेता ने देश में संस्थागत भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है तो वह शरद पवार हैं। शरद पवार ने इस बयान का जवाब देते हुए कहा कि जो व्यक्ति आज देश का गृह मंत्री है, वह एक समय भगोड़ा था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 2010 में सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में अमित शाह पर गुजरात आने पर दो साल की पाबंदी लगा दी थी।

### महाराष्ट्र में औरंगजेब पर सियासत तेज

महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले कुछ महीनों में औरंगजेब को लेकर कई विवाद सामने आए हैं। 7 जून 2023 को बीजेपी नेता निलेश राणे ने शरद पवार को 'औरंगजेब का अवतार' बताया। इसके बाद 14 जून को राज ठाकरे ने अपने 55वें जन्मदिन पर औरंगजेब की तस्वीर वाला केक काटा। 19 जून को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में औरंगजेब का महिमामंडन करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पीएम मोदी का बड़ा ऐलान- किसानों को मिलेगा डिजिटल पहचान नंबर, जमीनों का होगा डिजिटलाइजेशन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 अगस्त को 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की प्राचीन कृषि परंपराओं और नए जमाने के वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर बात की। यह सम्मेलन नई दिल्ली के नेशनल एग्रीकल्चर साइंस सेंटर (एनएएससी) में आयोजित हो रहा है। हर तीन साल में एक बार इस सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। बता दें कि 65 वर्षों बाद यह सम्मेलन फिर से भारत में आयोजित किया जा रहा है। इसमें 75 देशों के करीब 1,000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।



### देश में कृषि शिक्षा और शोध के लिए मजबूत तंत्र

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की कृषि परंपरा में विज्ञान का हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में भोजन को सभी औषधियों का मूल कहा गया है, जो आज भी प्रासंगिक है। भारत में कृषि शिक्षा और अनुसंधान के लिए एक मजबूत तंत्र है, जिसमें 500 से अधिक कृषि कॉलेज और 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र शामिल हैं। यह संस्थान किसानों तक नई तकनीक और जानकारी पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### भारत के छोटे किसान खाद्य सुरक्षा की रीढ़

प्रधानमंत्री ने छोटे किसानों को भारत की खाद्य सुरक्षा का प्रमुख आधार बताया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लगभग 90त्न किसानों के पास सीमित जमीन है, और यही छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। यह स्थिति केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अन्य विकासशील देशों में भी समान रूप से देखी जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का यह मॉडल अन्य देशों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत हो सकता है। दूध, दाल और मसालों के उत्पादन में अग्रणी भारत- प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अब दूध, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोग कोर्ट के मामलों से इतना त्रस्त हो जाते कि बस समझौता चाहते हैं

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने विशेष लोक अदालत के स्मरणोत्सव समारोह को संबोधित किया। उन्होंने लोक अदालतों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया वादियों के लिए सजा बन जाती है। इस वजह से वह अक्सर अपने कानूनी अधिकारों से भी कम कीमत पर समझौता स्वीकार करने को तैयार हो जाते हैं। लोग थकाऊ मुकदमेबाजी को खत्म कर समझौते की तलाश करते हैं।



### लोग मुकदमेबाजी से बाहर निकलना चाहते

सीजेआई ने विशेष लोक अदालत में निपटाए गए कई मामलों का हवाला भी दिया। उन्होंने एक मोटर दुर्घटना मामले का जिक्र किया और बताया कि दावेदार बढ़े हुए मुआवजे का हकदार होने के बावजूद कम मुआवजे पर मामला निपटाने को तैयार था। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि पक्षकार किसी भी प्रकार के समझौते को स्वीकार करने को तैयार होते हैं, क्योंकि वे इस मुकदमेबाजी से बाहर निकलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है।

### मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। भगवान कृष्ण ने महाभारत में कौरवों और पांडवों के बीच मध्यस्थता करने का प्रयास किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एसीबी ने जिला शिक्षा अधिकारी के कई ठिकानों पर मारा छापा, तड़के घर पर दी दस्तक

बिलासपुर। एसीबी ने आज बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। जिले में देर रात से बारिश हो रही है। बरसते पानी में एसीबी की टीम ने तड़के सुबह 5.45 बजे बिलासपुर के नुतन कॉलोनी स्थित उनके आवास पर छापा मारा।



### जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू

मिली जानकारी के अनुसार, एसीबी की टीम जिला शिक्षा अधिकारी साहू के बिलासपुर के साथ ही कवर्धा स्थित निवास पर भी पहुंची है। खास बात यह है कि, इस बार एसीबी ने पुलिस की मदद नहीं ली है। इस तरह से एसीबी अपनी एक गाड़ी में तड़के सुबह जिला शिक्षा अधिकारी के घर पहुंची। उस समय घर के सभी लोग सो रहे थे। डोर बैल बजने के बाद जब दरवाजा खुला तो एसीबी की टीम को सामने देखकर जिला शिक्षा अधिकारी और परिवार चौंक गया।

### अनुपातहीन संपत्ति की मिली थी शिकायतें

बताया जा रहा है कि, बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ अनुपातहीन संपत्ति की कई शिकायतें एसीबी को मिली थी। सभी शिकायतों की जांच के बाद एसीबी ने आज छापा मारा है।

### साहू के कवर्धा स्थित निवास पर पहुंची एसीबी

आय से अधिक संपत्ति के मामले में बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के ठिकानों पर आज सुबह से छापा मार कार्रवाई की जा रही है। टीआर साहू कवर्धा के श्याम नगर के निवासी हैं। शनिवार की सुबह 6 बजे कवर्धा स्थित निवास पर भी एसीबी की टीम ने दस्तक दी और लगातार जांच और पूछताछ चल रही है। बता दें कि, टीआर साहू कवर्धा में भी बीईओ के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। वहीं उनकी पत्नी लेक्चर बताई जा रही हैं।

## एसएसबी के डीजी दलजीत सिंह चौधरी बने बीएसएफ के महानिदेशक

**भारत-पाक सीमा सुरक्षा की मिली जिम्मेदारी**

नई दिल्ली। 1990 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के नए महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। शनिवार को उन्होंने नितिन अग्रवाल से कार्यभार संभाला, जिन्हें केंद्रीय सरकार द्वारा उनके मूल कैडर में वापस भेजा गया। बीएसएफ के डीजी के रूप में यह जिम्मेदारी चौधरी को तब मिली है जब हाल ही में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों के बाद बीएसएफ की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।



### अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे दलजीत सिंह चौधरी

दलजीत सिंह चौधरी मौजूदा समय में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। बीएसएफ के अतिरिक्त कार्यभार के साथ, अब वह भारत-नेपाल और भारत-भूटान की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार, चौधरी तब तक बीएसएफ के महानिदेशक का पद संभालेंगे जब तक कि स्थायी नियुक्ति नहीं हो जाती या फिर अगले आदेश नहीं आते।

### जम्मू में आतंकी हमलों के बाद लिया गया फैसला

केंद्र सरकार ने यह फैसला जम्मू क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों के बाद लिया है, जिनमें कई सेना और सुरक्षा कर्मियों के साथ-साथ नागरिक भी मारे गए थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सोमालिया में होटल पर आतंकवादी हमले में 31 लोगों की मौत

मोगादिशु। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के किनारे स्थित एक होटल पर शुक्रवार शाम अल-शबाब आतंकवादियों के हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी और 61 अन्य घायल हो गए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने शनिवार की सुबह हमले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मोगादिशु में लीडो बीच होटल समुद्र तट पर स्थित होटलों और रेस्तराओं से घिरा एक लोकप्रिय हैंगआउट स्थल है और जहां सरकारी अधिकारी और व्यवसायी अक्सर आते-जाते रहते हैं। यहां कल शाम आतंकवादियों ने हमला किया। जवाबी कारवाई में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया और होटल के अंदर विस्फोटकों में विस्फोट करने के बाद एक आत्मघाती हमलावर मारा गया। सुरक्षा बलों ने समुद्र तट के किनारे स्थित होटल में फंसे कई नागरिकों को निकाला और इलाके में खड़ी विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय कर दिया। स्थानीय मीडिया पर साझा किये गये वीडियो में कई लोग समुद्र तट पर मृत अथवा बुरी तरह घायल पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं और कुछ लोग मदद के लिए पुकारते नजर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कमर के चारों ओर विस्फोटक जैकेट पहने एक आत्मघाती हमलावर ने स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजे होटल के प्रवेश द्वार पर खुद को उड़ा लिया, जहां सैकड़ों अतिथि बैठे थे।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इससे पहले आसपास के इलाके में गोलीबारी की भी सूचना मिली और अल-शबाब के बंदूकधारियों ने समुद्र तट के सामने की एक इमारत पर धावा बोल दिया, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, जबकि सुरक्षा बल कई घंटों तक चली घेराबंदी को खत्म करने के लिए संघर्षरत थे। अल-शबाब आतंकवादी समूह ने अपने आधिकारिक रेडियो के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली है।




## परिसीमन की अधिसूचना के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर

बिलासपुर। शासन द्वारा पूरे प्रदेश में परिसीमन के लिए दिशा निर्देश जून माह में दिया,जिसका विरोध बिलासपुर में कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया क्योंकि बिना जरूरत के परिसीमन करना उचित नहीं था क्योंकि इससे शहर की पाँच लाख जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा और उनके पते बदल जाएँगे जिससे राशन कार्ड, पासपोर्ट, आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज को बदलने की जरूरत पड़ेगी। पूर्व विधायक शैलेश पांडेय और कांग्रेस के चार ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू,मोती थारवानी,जावेद मेमन,अरविंद शुक्ला द्वारा अधिवक्ता आनंद मोहन तिवारी और गगन तिवारी के माध्यम से उच्च न्यायालय में एक याचिका लगाई गई लेकिन शासन ने हड़बड़ी में और सत्ता का दुरुपयोग करते हुए आयी दावा आपत्तियों को दर किनार कर दिया और सीधे प्रकाशन करवा दिया।



पूर्व विधायक और कांग्रेस कमेटी ने शासन के सामने और ज़िला कलेक्टर के सामने अपना और जनता का पक्ष रखा कि इस परिसीमन में मनमानी किया गया है और सत्ता को लाभ पहुँचाने के इरादे से ये परिसीमन किया जा रहा है न की जनता को लाभ पहुँचाने के लिए परिसीमन किया गया है,लेकिन शासन ने जल्दबाज़ी में परिसीमन की अधिसूचना जारी कर दिया। उच्च न्यायालय में याचिका पर बहस हुई और अभी अंतिम बहस किया जाना है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बीजेपी प्रदेश कोर ग्रुप और मंत्रिमंडल की बैठक संपन्नः हर घर तिरंगा फहराने और नगरीय निकाय चुनाव पर बनी रणनीति



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर डूमरतराई में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। इसके साथ ही साय सरकार की कैबिनेट की बैठक भी हुई। इसमें प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय ने सभी से गहन चर्चा की। बैठक में कई विषयों पर मंथन किया गया। इसमें संगठनात्मक कार्यक्रमों और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई।

भाजपा प्रदेश प्रभारी नबीन ने 'हर घर तिरंगा अभियान' को लेकर हुए कहा कि विगत वर्षों से पार्टी के कार्यकर्ता सभी देशवासियों के साथ मिलकर देशभर में हर्वोल्लास के साथ राष्ट की एकता एवं अखंडता के संकल्प को प्रतिबद्धता के साथ हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 112वीं और तीसरे कार्यकाल की दूसरी कड़ी में इस बारे में किए गए आह्वान का उल्लेख भी किया, जिसमें मोदी ने कहा था, 15 अगस्त का दिन अब दूर नहीं है। अब तो 15 अगस्त के साथ एक और अभियान जुड़ गया है, 'हर घर तिरंगा' अभियान। पिछले कुछ वर्षों से तो पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए सबका जोश हाई रहता है। हर घर तिरंगा अभियान- तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है। इसे लेकर अब तो तरह-तरह के इनोवेशन भी होने लगे हैं। 15 अगस्त आते-आते, घर में दफ्तर में कार में तिरंगा लगाने के लिए तरह-तरह के प्रोडक्ट दिखने लगते हैं। तिरंगे को लेकर ये उल्लास ये उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है।

नबीन ने प्रदेश पदाधिकारियों से आह्वान किया कि इस अभियान के दृष्टिगत 11 से 14 अगस्त 2024 तक तिरंगा यात्रा का आयोजन हो और इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका हो। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक घर एवं व्यावसायिक केन्द्रों पर 'हर घर तिरंगा' फहराने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इन कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि वे राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत रहें। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## सीएम विष्णुदेव बोले, राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराकर कांग्रेस ने किया बड़ा पाप, दोषियों पर होगी कार्रवाई

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राजधानी रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान सीएम ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर का निमंत्रण नहीं ठुकराना चाहिए था। कांग्रेस ने राम मंदिर का निमंत्रण अस्वीकार कर बड़ा पाप किया है, जिसका खामियाजा उसे भुगतना होगा।



मुख्यमंत्री श्री साय ने राहुल गांधी द्वारा इंटरनेट मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने राहुल को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा कि जो भी दोषी और अपराधी है, वो चाहे कुछ भी कह लें, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ईडी ऐसे सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। छत्तीसगढ़ में भी लगातार ऐसे नेताओं पर कार्रवाई हो रही है, चाहे वो किसी भी पार्टी के नेता क्यों ना हो। गौरतलब है कि संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आशंका जताई है कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करने वाली है।

### संत-समाज की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा होगी लाभदायी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विहंगम योग संत-समाज द्वारा आयोजित स्वर्वेद कथा में शामिल हुए। उन्होंने संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके पावन सानिध्य में जय स्वर्वेद कथामृत का श्रवण किया। इस अवसर पर कोंडागांव विधायक लता उसेंडी भी उपस्थित थीं।

गौरतलब है कि विहंगम योग संत समाज द्वारा स्थापना के शताब्दी समारोह के पावन अवसर के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में जय स्वर्वेद कथा आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि माता कौशल्या की धरती और भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में हमें संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के पावन सानिध्य का सुअवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों का आशीर्वाद सदैव प्रदेश पर बना रहे और लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए। (शेष पृष्ठ 6 पर...) 0

# आज लोक पर्व हरेली की बिखरेंगे छटा

## किसान अपने हल-बक्खर आदि कृषि औजारों की करेंगे पूजा, गेड़ियों की गूंजेगी रुंच- रुंच की आवाज

राजनांदगांव (दावा)। आज श्रावण मास की अमावस्या तिथि को अंचल भर में लोक त्योहार हरेली धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। वहीं शहर, नगर कस्बों में हरियाली पर्व की बहार बनी रहेगी। इस दिन जहां किसान भाई अपने खेती कार्य में उपयोग में आने वाले हल-बक्खर आदि कृषि उपकरणों की तिलक-चंदन लगाकर पूजा करेंगे, उनमें चांवल व गुड़ से बने चिला रोटी चढ़ाया जाएगा व घर में बने मीठे पकवानों को घर- परिवार के साथ मिल-बैठकर लुत्फ उठाया जाएगा और हरेली तिहार के अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन कर आनंद मनाया जाएगा। वहीं शहरों में हरियाली पर्व का मजा प्राकृतिक हरीतिमा में पिकनिक आदि मनाकर अथवा खुले स्थानो में पौधरोपण कर मनाया जाएगा। इस अवसर पर हरियाली से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

### कृषि उपकरणों की पूजा

हरेली त्योहार में गांव हो या शहर में राउत बंधुओं द्वारा लोगों के घरों में जाकर नीम की पत्तियां खोंसते हुए उनके घर-परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। बदले में दान-दक्षिणा की प्राप्ति होगी। इधर पर्व का मजा लेने के लिए बच्चे व युवजन जहां गेंड़ी चढ़ने का मजा लेंगे, वहीं जवान युवकों द्वारा नारियल फेंक स्पर्धा का आयोजित कर पर्व का आंनद उठाएंगे। इस दौरान नारियल फेंक स्पर्धा में पैसों की बाजी भी लगाई जाती है।

### लोक खेलों का बिखरेगा जलवा

बता दें कि हरेली तिहार आने तक किसानों अपने खेतों की निराई- गुड़ाई का कार्य लगभग पूरा कर चुका होता है और किसान हरेली पर्व पर अपने श्रमशील जीवन में एक दीनिया अवकाश मनाते हुए लोक त्योहार का आनंद मनाता है। इसी तरह महिलाएं एवं युवतियां भी फुगड़ी, खो-खो खेल खेलने में पीछे नहीं रहती। लड़के डंडा पचरंगा, कबड्डी आदि लोक खेल खेलकर पर्व का भरपूर आनन्द मनाते हैं। आज हरेली त्योहार पर गांवों में पर्व की बहार रहेगी। लोग एक दूसरे से मिल कर हरेली तिहार की बधाई एवं शुभकामनाएं देंगे।

### शनि जयंती

बता दें कि श्रावण की अमावस्या को शनि जयंती पर्व भी मनाया जाता है। शहर में कामठी लाइन स्थित शनि मंदिर सहित रानी सागर तट स्थित शनि धाम व अन्यान्य शनि मंदिर में सुबह से लेकर देर शाम रात तक न्याय के देवता शनि भगवान की पूजा अभिषेक, आरती वंदन का दौर चलेगा। मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिखाई देगा। मंदिर में भजन- पूजन के कार्यो सहित प्रसादी वितरण का कार्य भी आयोजित रहेगा।

कहां जाता है कि किसानों द्वारा आज जो हरेली पर अपने कृषि उपकरणों की पूजा की जाती है, वह प्रकारांतर से शनि देव का ही पूजन है। किसान हर- बक्खर आदि कृषि उपकरणों में लगे लौह धातुओं का ही पूजन करते हैं। बता दें कि भगवान शनि देवता लौह धातु में ही निवास करते हैं। अतः किसान प्रकारांतर से ही सही शनि देवता की पूजा कर अपने फसलों की सुरक्षा-संरक्षा की कामना करते हुए अपने घर-परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की भी कामना करता है।

इस पर्व के दिन लोहार बंधुओं द्वारा अपने घन हथौड़ा निभाई आदि कि तिलक-चंदन लगाकर पूजा करने के अलावा लोगों के घरों जाकर उनकी देहरी में अभिमंत्रित कील ठोकना भी घर वालों को शनि देवता की कृपा प्राप्त करने की ही मंशा रहती है। वस्तुत सर्वे भवंतू सुखिनः की कामना से मनाए जाने वाले लोक पर्व हरेली के पीछे यही भावना युगों-युगों तक काम करते चली आ रही है। धर्म व अध्यात्म व लोकभावना को अपने आप में समेट इस लोक पर्व हरेली पर सरकार ने इस दिन सार्वजनिक अवकाश देकर इस पर्व की गरिमा व महत्ता को और भी बढ़ा दिया है। आज इस पर्व की छटा चारों ओर बिखरी दिखाई देगी। किसानों के साथ अन्य जन भी हरेली त्योहार के आनंद में मगन दिखाई देंगे।

# ग्राम पंचायत केशला के पंचायत पारा के निवासी हुए डायरिया के शिकार

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत में डायरिया फैलने से लगभग 20 ग्रामीण अम्बागढ़ चौकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है वही इनमे से कुछ गंभीर मरीजो को राजनांदगांव जिला अस्पताल डॉक्टरों के द्वारा रिफर किया गया है उलेखनीय है कि लगातार बरसात के बीच जिला मोहला मानपुर अम्बागढ चौकी में पहले लेडीजोब में बोरिंग का गंदा पानी पीने के कारण वहां पर के ग्रामीणों में डायरिया की शिकायत होने की खबर सामने आई और धीरे धीरे डायरिया से पीड़ित मरीजो की संख्या 90 के आसपास पहुंच गई इसी के साथ साथ अभी केशला में डायरिया के पीड़ित ग्रामीणों को अम्बागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है जिनका इलाज अभी जारी है जिनमें महिला व पुरुष शामिल है।



### पीएचई विभाग की लापरवाही आई सामने

ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि गाँव मे पीएचई विभाग द्वारा बनाया गया पानी फिल्टर प्लांट से पूरे गाँव मे पेयजल की सप्लाई की जाती है लेकिन अभी बीते कुछ दिन पहले फिल्टर प्लांट से इस गाँव मे पानी की सप्लाई नही की गई जिसके कारण पंचायत द्वारा पूर्व से ही बोरिंग के जरिए की जा रही पानी सप्लाई से गाँव के ग्रामीण को पेयजल की पूर्ति की गई लेकिन बोरिंग से हो रही गन्दे पानी की सप्लाई को ग्रामीणों द्वारा उपयोग किया गया और धीरे-धीरे करके डायरिया का शिकार होते चले गए साथ ही बताया गया कि गाँव मे जिस बोरिंग से पानी की सप्लाई की गई ठीक उसके बगल में सुलभ शौचालय बना हुआ तो यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसी की वजह से पानी दूषित हुआ होगा और गन्दा पानी पीने से इतने सारे ग्रामीण डायरिया का की चपेट में आ गए।

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे चौकी अस्पताल जाना मरीजों का हाल

विधायक भोलाराम साहू ने डायरिया पीड़ित मरीजों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली डॉक्टर आते है की नही खाना, नाश्ता समय पर मिलता है की नही इस तरह की जानकारी ली और डॉक्टरों को कहा की गंभीरता से इलाज किया जाए। साथ ही पीएचई विभाग को भी कहा की जलापूर्ति पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करे क्योंकि बरसात का मौसम है इस तरह अगर दूषित पानी मिलेगा तो इस तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है जो सही नही है।

## पहला कॉलम...

### सनातन धर्म सेवा परिवार द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म सेवा परिवार की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव सोनी भवन ठेठवार पारा में आयोजन किया गया सावन का यहां महीना ना केवल भगवान शिव की पूजा का पावन महीना है, बल्कि यह प्रेम, प्रकृति और भक्ति का भी संगम होता है। इस महीने में चारों ओर हरियाली छा जाती है और वातावरण सुगंध से भर जाता है। इसी आनंद और उत्सव को हम सब सनातन धर्म की महिलाएं सभी के साथ सावन का यह पवित्र त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चों से लेकर महिलाओं के विभिन्न आयोजन किए गए.

### श्रीमती प्रभा बरड़िया बनी अराधना महिला मंडल की अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 1 अगस्त दिन गुरूवार को कस्तूरबा महिला मंडल भवन में नगर की समाज सेवी संस्था अराधना महिला मंडल की अध्यक्ष, सचिव सहित नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी सदस्य श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, संरक्षिका श्रीमती गीता डागा एवं पूर्व अध्यक्ष श्रीमती उमा रूंगटा की उपस्थिति में नवीन अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव सम्पन्न हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्रीमती प्रभा बरड़िया को अराधना महिला मंडल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुना। सचिव श्रीमती पुष्पा सुभाष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती अल्का जानी, प्रथम उपाध्यक्ष श्रीमती किरण अग्रवाल एवं सह सचिव श्रीमती लता अग्रवाल को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्रीमती शशि प्रभा खण्डेलवाल, श्रीमती कुसुम रायचा, श्रीमती मोना लोहिया, श्रीमती स्वर्णलता बरड़िया एवं श्रीमती भगवती खण्डेलवाल को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष श्रीमती उमा रूंगटा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुऐ समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपस्थित सदस्यों में श्रीमती आमोद दीक्षित, श्रीमती ईला पटेल, श्रीमती रेखालाल, श्रीमती विजया सोनी, श्रीमती पुष्पा रमेश अग्रवाल एवं श्रीमती शोभा चोपड़ा उपस्थित रही।

### राजकमल जी भंसाली का निधन



राजनांदगांव (दावा)। राजकमल जी भंसाली उम्र 62 आ. स्व. जुगराज जी भंसाली का आकस्मिक निधन अभी हो गया है। वह ललित जी मनीष जी भंसाली के बड़े भाई थे एवं आकाश जी भंसाली के पिताजी थे। अंतिम यात्रा सुबह 10.30 बजे कामठी लाइन निवास राजनांदगाँव से निकाली जाएगी।

# आज हरेली पर साहित्यिक संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता सहित पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नगर निगम सभागार में जुटेंगे जिले भर के कवि/ साहित्यकार**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व 'हरेली' पर आज 4 अगस्त, रविवार को छत्तीसगढ़ साहित्य समिति-जिला इकाई द्वारा नगर निगम सभागार में साहित्यिक संगोष्ठी सहित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमा देशमुख होंगी। विशेष अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व उर्जा मंत्री धनेश पाटिला, युवा नेता राजेश गुप्ता अग्रहरि व कमल सोनी होंगे। पर्व प्रसंग पर आधार व्यक्तव्य ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' का रहेगा।

रविवार प्रातः 11:30 बजे नगर निगम परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा का पूजन-वंदन कर महंत बलराम दास सभागृह में आयोजित उक्त कार्यक्रम के संबंध में साहित्य समिति के नव सचिव कवि/साहित्यकार मान सिंह 'जलज' ने बताया कि साहित्य समिति द्वारा क्रांतिकारी कवि, कुंजबिहारी चौबे, आचार्य सरोज द्विवेदी व पूर्व महापौर श्रीमती शोभा सोनी की स्मृति में छत्तीसगढ़ी लोक पर्व हरेली स्वरूप एवं महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता के श्रेष्ठ प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के जिलाध्यक्ष व छ.ग. राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक-आत्माराम कोशा 'अमात्य' वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दादूलाल जोशी, कुबेर साहू, डॉ शंकर मुनि राय, डॉ. के.के. द्विवेदी, प्रो. ओंकारलाल श्रीवास्तव, गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय' प्रो. चंद्रशेखर शर्मा, पद्मलोचन शर्मा 'मुंहफट' वीरेन्द्र तिवारी 'वीरु' महेंद्र बघेल 'मधु' अखिलेश्वर मिश्रा सहित अन्य कवि/ साहित्यकार व रचना धर्मी उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए साहित्य समिति के प्रचार सचिव पवन यादव 'पहुंना' ने छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक पर्व हरेली पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में सभी कवि/ साहित्यकारों को उपस्थिति की अपील की है।

# फेडरेशन के आव्हान पर 6 अगस्त को रायपुर में मशाल रैली

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने लेकर रहिबो-लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो, अब नई सहिबो-अब नई सहिबो मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का ऐलान कर दिया है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी के आह्वान पर राजनांदगांव में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई, जिसमें में मुख्य रूप से डॉ. के एल टांडेकर, हरीश भाटिया, सतीश ब्यौहरे, रफीक खान, डीएल चौधरी, टीकम सिंह ठाकुर, संतोष चौहान, पीआर झाड़े, एनएल यादव, उत्तम फंदियाल, रामनारायण बघेल, एनएल देवांगन, डॉ. जैन, वीरेन्द्र रंगारी, अरुण देवांगन, संजय तिवारी, कृतलाल साहू, तुलेश कुंजाम, विनोद मिश्रा, मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, अजित दुबे, एनएल देवांगन, विनोद टांडेकर, दुलार साहू, पुष्पेंद्र साहू, विजय यदु, अंबरिश प्रजापति, सुदेश यादव, संतोष यादव, हरिशंकर यादव, यशवंत वैष्णव, यशवंत नेताम आदि मौजूद रहे। इन्होंने बताया कि 6 अगस्त 24 को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक दोपहर 2 बजे से मशाल रैली एवं मंत्रालय के सामने प्रदर्शन होगा। मशाल रैली में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के घटक संगठनों के प्रांताध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी, संभाग तथा जिला संयोजक सहित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। फेडरेशन ने चार स्तरीय झन कर इनकार हमर सुनव सरकार आंदोलन का घोषणा किया है। प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक मशाल रैली एवं प्रदर्शन, द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त तक सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन, तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला-ब्लॉक-तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन होगा, यदि सरकार ने कर्मचारियों के हित को नजरअंदाज किया तो फेडरेशन अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी भाजपा का घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृति करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने या केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने का मुद्दा शामिल है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों को केन्द्र के समान देय तिथि 1 जनवरी तथा 1 जुलाई को महंगाई भत्ता (डीए) स्वीकृत नहीं करने का नीति से 1 जुलाई 2019 से 31 जुलाई 24 तक कर्मचारियों को जबरदस्त आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ श्रेणी को 68750 रूपये, तृतीय श्रेणी को 108980 रूपये, द्वितीय श्रेणी को 193490 रूपये एवं प्रथम श्रेणी को 445880 रुपयों का न्यूनतम औसत नुकसान हुआ है।

# पहली बार शहर में निकलेगी श्रीकृष्णकन्हैया जी की पालकी

**0 झांझ मजीरा टोली के साथ**
**0 धूमधाम से जन्माष्टमी मनाने यादव समाज की बैठक आज**
**0 नए कैलेण्डर का रविवार को होगा वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। नगर कोशरिया यादव समाज राजनांदगांव की आगामी बैठक आज 4 अगस्त दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से स्टेट स्कूल मैदान स्थित सांस्कृतिक मंच पर आयोजित है।

समस्त स्वजातीयगण, कार्यकर्तागण, वार्ड प्रमुखों, नगर इकाई पदाधिकारीगणों, जन्माष्टमी समिति के सम्मानीय पदाधिकारीगणों आपकी उपस्थिति की अपील की गई है। समिति ने सामाजिक गणों से कहा है कि समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों और समस्त सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति से ही आयोजन की सफलता है। साथ ही वार्ड प्रमुख व गौटियागणों से निवेदन है कि अपने-अपने पार के पांच सदस्यों को साथ में लायें। यहां सभी सामाजिकगणों को मोबाईल नंबर के साथ कैलेण्डर वितरण किया जायेगा। अतः आप सब अपनी उपस्थिति प्रदान कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी यादव समाज के इस महापर्व को सफल बनाने में सहयोग कर नगर कोशरिया यादवी एकता का परिचय देवें, कार्य क्रम को सफल बनायें।

# संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में धूमधाम से मनी हरेली तिहार



राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को राजनांदगांव की शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम तिहार हरेली का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबडा द्वारा मां सरस्वती के चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा हरेली तिहार के उपलक्ष्य में नाना प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजकों का स्टॉल लगाया गया तथा छत्तीसगढ़ी परंपरता की स्वादमयी अभिव्यंजना प्रस्तुत की।

हरेली तिहार के मौके पर महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण कर विश्व को प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प लिया गया तथा अंत में मटका फोड़ खेल के माध्यम से कार्यक्रम का मनोरंजन पूर्ण समापन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण व प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति से संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि बच्चे एवं माता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह वैश्विक अभियान की तरह मनाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से स्तनपान के महत्व को प्रभावी ढंग से समुदाय तक पहुंचाया जा रहा है। शिशु के लिए स्तनपान न केवल सर्वोत्तम आहार है, तथापि यह शिशु के मानसिक विकास, शिशु को डायरिया निमोनिया एवं कुपोषण से बचने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। स्तनपान को बढ़ावा दिया जाना अत्यंत आवश्यक है, जन्म के 6 माह तक केवल स्तनपान, 2 साल तक सतत स्तनपान और उसके बाद भी स्तनपान जारी रखने से शिशु को उच्च गुणवत्ता वाली ऊर्जा एवं पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर स्तनपान के प्रभावी महत्व को समझाते हुए विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर का समुचित उपयोग करते हुए समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य की ओर ले जाया जाना है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम अंतर को कम करना सभी के लिए स्तनपान समर्थ है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संस्था व समुदाय स्तर पर तथा जागरूकता अभियान गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। स्तनपान सप्ताह में चर्चा के भी मुख्य बिंदु निर्धारित किए गए हैं।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 2 खेलों में
समय : 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
धर्मा प्राडक्शन कृत
किल KILL
(THIS JOURNEY IS ONE WAY)
कलाकार - राघव जुयाल, तान्या मनिक ताल, लक्ष्य अदिर सिंह, आशीष विद्यार्थी आदि।
रोजाना 2 खेल, 12 एवं 3 बजे
हण्डा




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd Aug to 08th Aug 2024
silver SCREEN




Auron Mein Kahan Dum Tha - 12:30, 03:00, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Deadpool & Wolverine 2D - 03:30 & 09:30 pm
Ulajh - 12:15, 06:30 & 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं.......
अ-19 (3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 407/राजस्व/2024-25 राजनांदगांव दिनांक 19.07.2024 के अनुसार आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के माध्यम से शासकीय भूमि में निर्मित दुकान (निगम मद से) सरल क्रमांक 01 से 11 तक के दुकानों का आबंटन एक रूपये प्रति वर्गफिट की दर से शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में खसरा नंबर 841/1 रकबा 2.2177 वार्ड क्रं. 38 दुकान निर्मित स्थल का विवरण पुराना दारू भट्टी गंज चौक कुल निर्मित दुकान संख्या 4,6 निर्मित दुकान एरिया (वर्गफीट में) 10036 जांच हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त वर्णित भूमि को आवेदन को आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक **12.08.2024** तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएवं उक्त ईश्तहार आज दिनांक **24.07.2024** को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक :- 24-07-2024**
**सुनवाई दिनांक :- 12-08-2024**

**तहसीलदार, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
699-4 270-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -**सम्पादक**

# प्राथमिक प्रधान पाठक पदोन्नति पारदर्शिता के साथ संपन्न



**छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के मांग के अनुरूप प्रधान पाठकों की पदोन्नति**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के मांग के अनुरूप राजनांदगांव जिला में 12 जुलाई को पदोन्नति आदेश जारी करने के पश्चात आज 2 अगस्त को 160 सहायक शिक्षक आखिरकार प्राथमिक शाला प्रधानपाठकों के रिक्त पदों के विरुद्ध बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेण्डरी स्कूल राजनांदगांव में काउंसिलिंग रखी गई। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि सहायक शिक्षकों की वर्षो पुरानी पदोन्नति धीरे-धीरे पूर्ण हो रही है। इसी कड़ी मे आज जिले के बल्देव प्रसाद हायर सेकेण्डरी स्कूल स्कूल राजनांदगांव में प्रातः 11 बजे से सहायक शिक्षक का काउंसलिंग शुरू हुआ जो 3 बजे तक चला जिसमें उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने वरिष्ठता क्रम के अनुसार मनपसंद विद्यालय चयन करने का अवसर प्राप्त हुआ।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव ने जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को पारदर्शिता के साथ कम समय में पद्धति को पूर्ण करने के लिए संघ की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही समस्त कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई एवं नई जिम्मेदारी पानी के लिए अभिनंदन किया है। गोपी वर्मा ने बताया कि जिले में पूरे रिक्त पद को पूर्व में ही ओपन कर दिया गया था। उसके अनुसार कुल 160 सहायक शिक्षक को काउंसलिंग हेतु बुलाया गया।

जिसमें सर्वप्रथम महिला विकलांग, पुरूष विकलांग, महिला, विधवा शिक्षिका, फिर महिला गंभीर बीमारी, फिर पुरूष, गंभीर बीमारी, उसके बाद सामान्य महिला, फिर सामान्य पुरुष को मौका मिला। इस प्रकार काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हुआ, जिसमें कुल 160 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। पदोन्नति उपरांत सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में प्रसन्नता व उमंग देखने को मिला। संघ ने आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी से वार्तालाप में 10 दिवस कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जो कार्यभार नही करने पर रिक्त पदों पर भी पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करने करने पर चर्चा हुई है।

संघ पदाधिकारी शैलेंद्र यदु प्रांतीय महासचिव राकेश तिवारी प्रांतीय सहसचिव जीवन वर्मा जिला सचिव हंस कुमार मेश्राम जिला कोषाध्यक्ष बृजेश वर्मा चंद्रिका यादव, ईश्वर मांडवी, जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला प्रवक्ता देवेंद्र साहू, जिला मीडिया प्रभारी रतिराम कन्नौजे जिला महासचिव संदीप साहू जिला महासचिव राजेश साहू जिला महामंत्री महेश उईके जिला महामंत्री शरद शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकेश शर्मा भुवाल साहू दिनेश कुरेटी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया गिरीश हिरवानी ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव मनीष पसीने ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़ अनिल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष राजनंदगांव किशन देशमुख, सुरेन्द्र साण्डे, आदित्य तिवारी, विद्यानंद डोंगरे, मनीष सोनी, संतोष टेमरे, पंचशील सहारे, राजकुमारी जैन, नीरज बाला डोंगरे, चुम्मन देवांगन, बृजभूषण राजपूत, राजेश राजपूत, प्रदीप वर्मा, फ्लेश साहू, भोजराम धुर्वे सहित सभी साथियों ने आभार व्यक्त किया है।

# स्टेडियम में होने वाला क्रिकेट ट्रायल स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित अंडर 14 क्रिकेट का ट्रायल जो स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में होने वाला था वह बारिश में पानी के भराव के कारण स्थगित किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 14 में हिस्सा लेने वाली जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनंदगांव की टीम के गठन हेतु अब यह ट्रायल आगामी दिनों में किया जावेगा जिसकी सूचना बहुत ही जल्द घोषित की जावेगी।

अन्य आयु वर्गों के चयन की प्रक्रिया अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही होगी। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

# शिवजी का मंदिर जाने का नियम तोड़ना नहीं चाहिए- पं. प्रदीप मिश्रा



**नियम बना लेने से भगवान भोले भंडारी भक्तों का भंडार भर देते है**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गौरवपथ स्थित पद्मश्री आडिटोरियम में 2 अगस्त शुक्रवार से प्रारंभ अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के श्री महाशिवपुराण कथा आयोजन में बरसते पानी में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। कथा श्रवण के लिए भक्तों के उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

शनिवार के श्री महाशिवपुराण कथा आयोजन में भगवान भोलेनाथ की कृपा किस तरह बरसती है इस संदर्भ में महराज जी ने कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को एक नियम बना लेना चाहिए। किसी भी मंदिर देवालय जाने का भी एक नियम होना चाहिए। नियम टूटना नहीं चाहिए। नियम बना लेने से मेरे भगवान भोले भंडारी को भक्तों का भंडार भरने आना ही पड़ता है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने अपने गांव के कुम्हार के रोजाना मुख देखने का नियम बना लिया। वह रोजाना सुबह उसके घर जाकर उसके मुख देखकर ही अन्य काम करता था।एक दिन उक्त कुम्हार के दिखाई नहीं देने पर उसकी पत्नी से जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि वह मिट्टी खत्म हो गई, अतः मिट्टी लाने दूसरे गांव गया हुआ है। उक्त व्यक्ति गांव का पता पुछ कर उसे देखने चला गया। इस समय कुम्हार मिट्टी खोदने में लगा हुआ था। ऐसे में ही अचानक कुम्हार के हाथ में सोने का हंडा लग गया। जिसे उक्त व्यक्ति ने भी देख लिया। गरीबी परिस्थिति में गुजर-बसर करने वाला कुम्हार से हंडा मिलने की बात किसी को नहीं बताने की याचना की, पर उस व्यक्ति ने हंडा देखकर भी अनदेखी कर दिया। इधर कुम्हार भी उक्त सोने के हंडे को अकेले नहीं हड़पना चाहता था अतः दोनों में उसे बांट लेने को राजी हो गए। महराज जी ने बताया कि यदि उक्त व्यक्ति अपना नियम तोड़ देता तो न कुम्हार को कुछ मिल पाता और न उस व्यक्ति को कुछ मिलता। नियम की रक्षा करने से कुम्हार को भी उक्त व्यक्ति का फल मिल गया।

महराज जी ने कहा कि जिस तरह किसान को अपने खेत मे भेंड़ बिठा देने से पांच साल तक खेत की उर्वरता बनी रहती है उसी तरह अपने मन मंदिर में मेरे भोलेनाथ को बिठा लेने से युगों तक भगवान भोले भंडारी आपके हृदय स्थल में जगह बनाएं हुए रहते हैं।

शनिवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सुमधुर भजन-कीर्तन, गीत- संगीत के साथ अनवरत रूप से चले इस श्री महाशिवपुराण कथा श्रवण के लिए पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, उद्योगपति दामोदरदास मूंदड़ा, सत्यनारायण, पुरुषोत्तम गांधी व माहेश्वरी समाज के बड़ी संख्या में नर - नारियों सहित श्रीमती आशा गुप्ता, अमित खंडेलवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, कमल सोनी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे, राजेश पांडेय, पार्षद भागचंद साहू, सुंनील साहू, महेश साहू, पार्षद श्रीमती खेमिन बाई, दुलारी बाई सहित अनेकों भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों के अलावा बड़ी संख्या में भगवान भोले भंडारी के भक्तजनों की उपस्थिति रही। वहीं यजमान के रूप में संतोष पिल्ले, चंद्रशेखर पिल्ले, श्रीमती पूर्णिमा पिल्ले, परमेश्वर सिन्हा श्रीमती आशा सिन्हा, श्रीमती सुंदरी बाई की उपस्थिति बनी रही। महराज जी की कथा में रायपुर दुर्ग-भिलाई, बेमेतरा कवर्धा गंडई आदि दूर-दूर से पधारे शिव भक्तों ने श्री महाशिवपुराण कथा श्रवण का लाभ लिया। महराज जी ने बताया कि 72 सालो बाद आए ऐसे पावन श्रावण मास का हर भक्त जन शिव पूजन कर अपनी बेहतरी का लाभ उठाए। इस दौरान कथावाचक पं. मिश्रा जी ने भगवान शिव की पूजा भक्ति से लाभान्वित हुए अनेक लोगों के पत्रों का वाचन किया। पत्र में लोगों ने अपने पूर्व में उठाए दुख-तकलीफों का वर्णन कर भगवान शिव के शरण में जाने से हुए लाभ का पुरे भक्ति-भाव के साथ जिक्र किया था। श्री महाशिवपुराण कथा में उमड़ी भीड़ को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पूरा पुलिस प्रशासन जुटा रहा। वहीं एसडीएम अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य शासकीय अधिकारियों की भी व्यवस्था पर नजर बनाए रखते देखा गया। आयोजन समिति द्वारा कहा गया है कि महराज जी के श्री मुख से श्री महाशिवपुराण कथा आगामी दिनों भी इसी श्रद्धा व भक्ति-भाव से जारी रहेगी। समिति द्वारा अनुरोध किया गया है कि भक्त जन व्यवस्था,व अनुशासन का पालन करते हुए कथा में भाग लेवें।

# डायरिया से पीड़ित मरीजों की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा सर्वे



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीखुर्द में दस्त के प्रकरणों की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया गया तथा डायरिया से पीड़ित मरीजों को दवाई वितरण कर स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। विभागीय टीम द्वारा सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए निगरानी की जा रही है, ग्राम में डायरिया की सूचना मिलते ही जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. तुलावी एवं स्वास्थ्य विभागीय टीम ने तुरंत ग्राम पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना एवं सर्वे टीम को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सभी रैपिड टीम को 24 घंटे अलर्ट रहने एवं विभागीय टीम को सूचना मिलते ही त्वरित उपचार उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए है। आम जनता को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने एवं शुद्ध पेयजल लेने की अपील की गई है। मौसमी बीमारी अथवा उल्टी-दस्त के प्रकरण आने पर तत्काल इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दे। सभी मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर ग्राम भ्रमण तथा आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

# धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन को समर्थन देने वालों का राजेश गुप्ता चंपू ने जताया आभार

**सात दिनों की अवधि के बाद समस्या हल नहीं होने पर जनहित में करेंगे भूख हड़ताल -चंपू**



राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा नगर की ज्वंलत समास्या नाला चौड़ीकरण एवं नाले के उपर व नाले के आसपास प्रभावशाली लोगों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर दिनांक 31/7/2024 दिन बुधवार को ईमाम चौक स्थित हनुमानजी मंदिर के सामने फ्लाईओवर के नीचे झूलेलाल वार्ड नं.41 के लोकप्रिय क्षेत्रीय पार्षद महापौर परिषद विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के चेयरमेन राजेश गुप्ता एवं राजीव नगर वार्ड नंबर 42 के पार्षद ऋषि शास्त्री के द्वारा वार्डवासियों के साथ धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन किया गया था। जिसके तारतम्य में नगर पालिका निगम आयुक्त ने बारिश बंद होने के सप्ताह भर बाद उक्त इंदिरा नगर नाला चौड़ीकरण एवं नाले के ऊपर एवं आसपास रसूखदार व्यक्तियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने एवं पिंकी मंगल भवन से दुर्गा चौक तक अवैध कब्जा हटाने के साथ ही नाला चौड़ीकरण और राजीव नगर सड़क चौड़ीकरण तथा आडिटोरियम के पीछे नाले में किए गए अतिक्रमण मुक्त करने पर लिखित व मौखिक सहमति पर ही अनशनकारियों ने अपना अनशन खत्म किया गया था। जिस पर धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन कारी के नेतृत्वकर्ता पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कहा कि धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले तथा आमरण अनशन को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से समर्थन देने वाले पूर्व महापौर अजीत जैन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, नगर निगम के पूर्व सभापति रमेश डाकलिया, पार्षद ऋषि शास्त्री, श्याम खंडेलवाल, सम्मानित पार्षदगण शरद पटेल, विनय झा, अजय छैद्दया पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति सहित जिला प्रशासन -पुलिस प्रशासन और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिनके हौसला अफजाई से जनहित में इतना बड़ा कदम उठाने में मुझे ताकत मिला और वार्डवासियों के आशीर्वाद सहयोग के लिए भी आभार प्रकट करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि यदि निगम प्रशासन द्वारा सात दिनों के भीतर कार्यवाही नहीं करने पर मुझे वार्ड के लोगों के साथ एक फिर से धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी समस्त जवाबदेही नगर निगम प्रशासन की होगी।

# अभा. तैलिक साहू महासभा राष्ट्रीय बैठक में शामिल हुए ओमप्रकाश साहू



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा नई दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्युशन क्लब, स्पीकर हॉल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति बैठक व सम्मान समारोह कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष कसडोल विधायक संदीप साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू के नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने अपने टीम के युवा साथियों के साथ शामिल हुए, जिसमें अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ट कार्यकारणी सदस्य, प्रदेश युवा सहसंयोजक ओमप्रकाश साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर, मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता, राष्ट्रीय अपर महामंत्री अरुण भश्मे, मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण सहित साहू समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, समाज के वरिष्ठजन एवं छत्तीसगढ़ के युवा साथीगण उपस्थित रहे।

# गोल बाजार स्थित गंगा इमली पेड़ हुआ धराशाही

**० पेड़ को काटकर छोड़ दिए जाने से आवाजाही प्रभावित**
**० लोगों को हो रही परेशानी**



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस भवन के ठीक पीछे गोल बाजार स्थित गंगा इमली का पेड़ धराशायी हो गया है। इससे गोल बाजार जाने वाले रास्ते में आवागमन अवरुद्ध हो गया है। उक्त पेड़ की टहनियां व अन्य अवशेष वहां पड़े रहने से सब्जी पसरा वालों सहित सब्जी तरकारी खरीदने बाजार आने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

बता दें कि लोगों की शिकायत पर बहुत पुराना हो चुके उक्त गंगा इमली पेड़ को फारेस्ट विभाग व नगर निगम अमला द्वारा काटा गया है। लेकिन उक्त गंगा इमली झाड़ को काटे जाने उपरांत वहीं पर छोड़ दिया गया है। इससे वहां का न करें आवागमन अवरुद्ध हो गया है, फुटकर सब्जी विक्रेताओं को पसरा लगाकर बैठने की समस्या उत्पन्न हो गई हैं। उक्त झाड़ के धराशायी होने के कारण आसपास के दुकानदारों की भी परेशानी बढ़ गई है वहीं सब्जी खरीदने आने वाले लोगों को भी इसके कारण दिक्कतें उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि वन विभाग वाले व नगर निगम का अमला उक्त जर्जर हो चुके पेड़ को काट तो दिया लेकिन उसकी टहनियां व अन्य अवशेष वहीं पर छोड़ दिया गया है इससे वहां के लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। लोगों ने निगम है कटे झाड़ की बड़ी-बड़ी टहनियां व अन्य अवशेष जल्दी उठाए जाने का आग्रह किया है ताकि लोगों का व्यापार व्यवसाय प्रभावित न हो।

# भारतीय खिलाड़ियों हॉकी व दिव्यांग नौनिहालों को समर्पित होगी तीसरी कांवड़ यात्रा

**साई हॉस्टल, हॉकी खिलाड़ी, आस्था के दिव्यांग बच्चें होंगे शामिल**



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सावन माह में सावन की वर्षो बाद झड़ी के साथ-सावनमय शिवमय हो गया है। शिव महापुराण कथा भी नगर में पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से श्रवण किया जा रहा है। शिवभक्ति पूरे नगर में पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ चरम पर है। बागेश्वर धाम व अन्य मंदिरों तक कावड़ यात्रा भी सावन व प्रति सोमवार को व शिव प्रभात फेरी संकीर्तन यात्रा भी कालीमाई मंदिर से प्रति रविवार प्रातः 6.30 बजे पूरे भक्तिपूर्ण माहौल में महादेव भक्तो द्वारा निकाली जा रही है।

पिछली बार की कावड़ यात्रा जो कि भारतीय सेना को समर्पित थी। आगामी तीसरी कावड़ यात्रा जो भारतीय खेलों खिलाड़ियों, हॉकी के निरंतर अग्रसर होने तथा दिव्यांग नौनिहालों के कल्याण हेतु निकाली जावेगी, जिसकी जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम मंदिर के सेवक, पंकज गुप्ता (अधिवक्ता), राकेश ठाकुर (शनिधाम), विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, सूरज गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में ओलंपिक के खेल चल रहे है जिनमें हमारे देश के खिलाड़ी भी अनेक प्रतिस्पर्धाओं में शामिल हो रहे है। विशेषकर हॉकी में जो कि हमारा नगर भी संस्कारधानी भी हॉकी व झांकी के नाम से प्रसिद्ध है। भारत भी हॉकी में आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। तीरंदाजी में भी भारतीय खिलाड़ी मनु भास्कर तीसरे पदक की ओर अग्रसर है। भारतीय खिलाड़ी सभी प्रतिस्पर्धाओं में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दे, इसी प्रकार हमारे दिव्यांग नौनिहालों के कल्याण की कामना कि वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर श्रेष्ठतम ऊंचाई हासिल कर सकें। उनके कल्याण के लिए व व खेलो में देश के निरंतर अग्रसर होने की कामना से भगवान शिव महादेव को जल अर्पण किया जावेगा। इस तीसरी कावड़ यात्रा में साई हॉस्टल के खिलाड़ीगण नगर के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी व आस्था मूक बाधिर शाला के दिव्यांग बच्चे भी शामिल होंगे।

जिस हेतु श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, संबद्ध संस्थाओं ने शिवभक्तों ने समस्त नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे बागेश्वर मंदिर प्रातः 5:30 बजे पहुंचकर वो खिलाड़ीगण वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी नंदई चौक में प्रातः 7:00 बजे अपनी उपस्थिति देकर इस कल्याणकारी कावड़ यात्रा में शामिल होकर श्री बागेश्वर महादेव को जल अर्पण कर पुण्यलाभ धर्मलाभ प्राप्त करें। उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

# पुतला जलाने से पहले राहुल गांधी की जाति बताएं कांग्रेसी - मधुसूदन यादव



**विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश से अपनी जाति और धर्म क्यों छुपा रहे हैं - मधुसूदन यादव**

राजनांदगांव (दावा)। संसद के वर्तमान सत्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया, जिसका मुंहतोड़ जवाब देते हुवे सत्तापक्ष के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्ष को निरुत्तर कर दिया। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने संसद में हुई इस तीखी नोंकझोंक पर तंज कसते हुए कहां है कि, पूरे देश की जनता के समक्ष विपक्ष की इतनी फजीहत आज तक कभी नहीं हुई, जिससे चिढ़कर अब कांग्रेसी नेतागण भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला जलाने का ढकोसला कर रहे हैं।

इस मुद्दे पर चुटकी लेते हुए पूर्व सांसद मधु ने कहा है कि सदन की कार्यवाही का वीडियो देखने पर स्पष्ट दृष्टिगत है कि भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के जाति गणना की मांग का अपनी पार्टी की तरफ से पूरी शालीनता एवं जिम्मेदारी के साथ जवाब दिया, जिसमें उन्होंने बिना किसी का नाम लेते हुए कहां है कि जो लोग अपनी जाति नहीं जानते हैं, वह जाति गणना की मांग कर रहे हैं। पूर्व सांसद मधू ने कहा है कि पूरे भाषण में सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी से उनकी जाति नहीं पूछी है, फिर भी कांग्रेसी इसी बात पर विधवा विलाप करते हुए युवा सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला जलाने जा रहे हैं जो हास्यास्पद है। उन्होंने मांग की है कि कांग्रेसी नेतागण पहले राहुल गांधी की तयशुदा जाति एवं धर्म बताएं फिर भाजपा सांसद का पुतला जलाने की सोचे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने पूछा है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश से अपनी जाति और धर्म क्यों छुपा रहे हैं, जबकि पूरा देश इस बारे में जानने को उत्सुक है और यह बात उजागर करना राहुल गांधी की नैतिक जिम्मेदारी भी है, तो इसमें गलत क्या है? भाजपा नेता ने विपक्ष से कई सवाल पूछे हैं, उन्होंने पूछा है कि 60 साल तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस ने अपने शासनकाल में जाति गणना कितनी बार करवाई, और इससे किन जातियों की सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में सुधार हुआ, किन-किन जातियों की असमानताओं को चिन्हित किया गया और उन्हें समानता के क्या-क्या लक्षित अवसर प्रदान किए गए, यह कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए। पूर्व सांसद मधुसूदन ने आरोप लगाया है कि केंद्र की कांग्रेस सरकार ने 2011 की जनगणना में जाति गणना को शामिल किया था, किंतु उसकी रिपोर्ट अविश्वसनीय होने के कारण कभी सार्वजनिक नहीं की गई और यह जाति गणना पूरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी।

पूर्व सांसद मधुसूदन ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाया है कि पत्रकारों, फौजियों एवं आई.ए.एस.अधिकारियों की जाति पूछने की बिमारी कांग्रेसी नेताओं को पहले से लगी हुई है। केन्द्र की सत्ता तक पहुंचने के प्रयास में कांग्रेस देश में परस्पर जातिगत विद्वेष एवं विभाजनवाद की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। एक ओर केंद्र की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का नारा देते हुए देश में अंत्योदय एवं समावेशी विकास को प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी आगामी चुनाव में तात्कालिक लाभ लेने की ओछी मानसिकता के साथ जाति गणना के विभाजनकारी विवादित मुद्दे की वकालत कर रही है, जो देश के विकास की राह में बड़ी बाधा सिद्ध होगा।

# राजनांदगांव जिला ओडीएफ से ओडीएफ प्लस मॉडल बनने की ओर अग्रसर



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाला जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी राज्य का पहला जनपद है, जो ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया जा चुका है। दूसरे नंबर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव है, जो अपने आपको पूर्ण रूप से ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित करने की ओर अग्रसर है। इसके तहत जनपद पंचायत के सभी ग्रामों में एसएचडब्ल्यूएम सेंटर, सामुदायिक शौचालय, सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया है एवं गांव-गांव में सभी घरों से सूखे कचरे का संग्रहण स्वच्छताग्राही दीदीयों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही गांव के सार्वजनिक तालाबों, गलियों मोहल्लो, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई गांव के सभी ग्रामीण मिलकर सहभागिता से निरंतर कर रहे हैं। सभी ग्रामीण गांव को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने की शपथ भी लिए है एवं प्रत्येक गांव में हर शनिवार को स्वच्छता त्यौहार भी मनाया जा रहा है। जिसकी भारत सरकार द्वारा सभी गांव की सतत मॉनिटरिंग भी की जाती है। जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा गांव को स्वच्छ, साफ-सुथरा एवं सुंदर बनाने के लिए जिले के नागरिकों से जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत स्तर पर सुझाव आमंत्रित भी किया गया है।

# गोडवाना भवन में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में बरसते पानी में पहुंचे वार्डवासी

**० मांग एवं शिकायत के दिये 100 से अधिक आवेदन**
**० शिविर में ही बना आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड**




राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार वार्डवासियों की समस्या का निराकरण वार्ड में ही करने नगर निगम द्वारा जन समस्या निवारण शिविर वार्डो में लगातार आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आवेदकों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन का त्वरित लाभ दिया जा रहा है, वही बिजली, पानी सफाई, निर्माण कार्य तथा राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने आवेदन लिया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने विभागवार सूचीबद्ध किया जा रहा है। वार्ड नं. 19, 23, 44 व 45 के लिये आज आर.के.नगर चौक स्थित गोडवाना भवन में आयोजित शिविर में वार्डवासी बरसते पानी में शिविर का लाभ लेने पहुँच मांग के 100 एवं शिकायत के 15 कुल 115 आवेदन दिये, जिसमें 25 आवेदन का शिविर में ही निराकरण किया गया तथा 4 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराये।

आज गोडवाना भवन में वार्ड नं. 19, 23, 44 व 45 के लिये आयोजित शिविर में 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें जल विभाग के 7 आवेदनों में 5 नल कनेक्शन लगाने व 2 कौरिनभाठा में पानी नही आने शिकायत संबंधी, बी.पी.एल. राशन कार्ड बनाने 2 आवेदन, स्वयं की भूमि में आवास निर्माण के लिये 35 आवेदन तथा पट्टा के लिये 2 आवेदन, नामांतरण कराने 3 आवेदन व स्व रोजगार के लिये 10 हजार ऋण हेतु 4 आवेदन के अलावा स्ट्रीट लाईट मरम्मत के लिये 4 आवेदन, कौरिनभाठा, सहदेव नगर क्षेत्र में नाली सफाई संबंध 4 आवेदन एवं लोककर्म अंतर्गत भवन में मोटर पंप बदलने के अलावा निर्माण संबंधी 28 आवेदन प्राप्त हुयें। इसके अलावा आधार कार्ड पंजीयन 16 तथा आयुष्मान कार्ड के 8 प्रकरणों का शिविर में ही निराकरण किया गया, साथ ही महतारी वंदन योजना के पैसा नही आने का निराकरण होने पर खुश होकर जनसमस्या निवारण शिविर के लिये निगम प्रशासन तथा सरकार का आभार व्यक्त किये। मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 4 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।

आज के शिविर का आयुक्त श्री गुप्ता ने जायजा लिया और उपस्थित अधिकारी कर्मचारी से कहा कि प्राप्त आवेदनों का हर संभव शिविर में ही निराकरण करे तथा मांग एवं शिकायत संबंधी ऐसे आवेदन जिसका निराकरण में समय लगेगा उसे सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु कार्यवाही करे। नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु शिविर में उपस्थित हुये और अपने वार्ड 19 नम्बर के उपस्थित वार्डवासियों से अधिक से अधिक आवेदन देकर सरकार की योजना का लाभ लेने अपील किये तथा नागरिकों से भी अपने अपने वार्ड में आयोजित शिविर में समस्या का निराकरण हेतु पहुँचने की अपील किये।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत आज 4 अगस्त रविवार को म्यूनिस्पल स्कूल मैदान स्थित गांधी सभागृह में वार्ड नं. 24, 25 व 38 के लिये एवं कल 5 अगस्त सोमवार को काली माई मंदिर रोड भरकापारा स्कूल में वार्ड नं. 27,28 व 37 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, सहित वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता फडनवीस व श्रीमती टुमेश्वरी उके, पूर्व पार्षद अशोक फडनवीस, पार्षद प्रतिनिधि सेवकराम उके व जीवन चतुर्वेदी के अलावा शिविर प्रभारी अधिकारी उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके सहित समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता दीपक महला, अशोक देवांगन व अनिमेष चंद्राकर स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा तथा विभिन्न विभाग के

# कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची ग्राम खपरीखुर्द

**0 ग्रामीणों का स्वास्थ्य अभी अच्छा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीखुर्द में कुछ ग्रामीणों के स्वस्थ्य ठीक नहीं होने तथा डायरिया की सूचना मिलने पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उनके स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रामीणों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम पहुंच गई है और उनकी स्वास्थ्य जांच की जा रही है। सभी का स्वास्थ्य अभी अच्छा है। उन्होंने बताया कि पानी के परीक्षण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम भी वहां पहुंच गई है।

## अनमोल दावा

हृदय में जब क्षुद्र स्वार्थ समाप्त हो जाता है तो वहीं से मनुष्यता का आरंभ होता है।

### सम्पादकीय

# शेयर बाजार की चाल न्यारी और रहस्यपूर्ण

भारत का शेयर बाजार यूं देखा जाए तो समझ से बाहर है। इस पर सदैव रहस्य का पर्दा पड़ा है। केन्द्र सरकार और उसके अधीनस्थ वित्त मंत्रालय की गोपनीय टीमों की नजर शेयर बाजार पर टिकी रहती है। अब इसे क्या कहें कि देश का एक बड़ा वर्ग शेयर बाजार को देश के अर्थतंत्र को बैरोमीटर के रूप में देखता है। वर्तमान में शेयर बाजार की उल्टी चाल अर्थतंत्र के विपरीत है। अनुमानित विकास पर संदेह के बादल छाए हैं। फिर भी भारतीय शेयर बाजार में मजबूती भी देखने को मिलती है। हालाकि, सभी शेयरों में ऐसा नहीं दिखाई देता। परन्तु, प्रतिष्ठित व सरकारी शेयरों में लीड याने बुलिश के दर्शन होते हैं। बाजार की इस गति को ही रहस्यमय कह सकते हैं। जिसे समझना नामुमकिन जैसा है। यूं भी देश के शेयर बाजार में एक नम्बर वाले और दो नम्बर वाले, दोनों ही खिलाड़ी सक्रिय रहते हैं। इसीलिए वर्तमान विपरीत हालातों में नए-नए उछाल नाट्यात्मक लगते हैं।

शेयर बाजार की विशेषता यह है कि यह बाजार भी बड़े-बड़े आघात सहन कर लेता है। पीछे की ओर नजर करें तो छोटे-छोटे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। जिसके पास पर्याप्त पूंजी है, वे बाजार में धैर्य रखकर टिके रहते है और तेजी होते ही मुनाफा वसूली कर लेते हैं। अनेक मरतबे ऐसा भी हुआ है कि शेयर दलालों की एक रिंग बन जाती है और सभी ओर हरी-हरी हरियाली दिखाई देती है। जिसे देखकर छोटे निवेशकारों की बड़ी संख्या भी शेयर बाजार में कूद पड़ती है। फिर एकाएक ड्रामा सदृश्य चित्र बदल जाता है। शेयर बाजार अनेक मरतबे लुढ़कते हुए भी देखा गया है। इसलिए प्रारंभिक तेजी बाद में एकाएक मंदी की ओर चल पड़ती है। शेयर बाजार में निवेश करना भी साहसिक कार्य है। क्योंकि, अनेक मतरबे लीड शेयर्स भी लुढ़कते दिखाई देते हैं। ऐसे डाग शेयरों में अनेक लोग पूरी तरह से धूल गए हैं। क्यों कि अंत में तो संबंधित कम्पनियों के फंडामेन्टल विकास पर ही सारा आधार होता है।

हर्षद मेहता का फर्जीवाड़ा का कार्यकाल कैसे भूलाया जा सकता है? चतुर कई कम्पनियां अभी भी निचले भावों में अपने ही शेयरों को बाजार में धीरे-धीरे कवर कर लेती हैं। फिर, एकाएक लेवाली बढ़ाकर ऊंचे भाव में पहुंचाकर तमाम दरों पर लिए शेयर बेचकर बड़ी पूंजी बना लेती हैं। बैंकों के ब्याजदर घटने के बाद एक नया ही निवेशकारों का वर्ग बाजार में दाखिल हुआ है। वह अभी शेयर बाजार का अध्ययन नहीं करता है और न ही कम्पनी की फंडामेन्टल जानकारी रखता है। शेयर बाजार का ज्ञान तो अनुभव लेने के बाद याने नुकसान पहुंचने के बाद ही होता है। ऐसे लोगों को शुरूवाती दौर में ही सचेत रहकर इस बाजार में प्रवेश करना चाहिए।

देश का अर्थतंत्र सुनहरा है। शेयर बाजार भी गतिशील है, ऐसा देखने-समझने वाले भी उलझनों में फंस जाते हैं। देश के अर्थतंत्र की विकास दर संदेहास्पद है। उत्पादन, सेवाएं और कृषि की कुल क्रमशः विकासदर इस चालू वित्तीय वर्ष के त्रैमासिक काल का रेकार्ड एकाएक नीचे धरातल पर पहुंचा है।

हकीकत यही कि, अब शेयर बाजार की देश के अर्थतंत्र के साथ तुलना नहीं करनी चाहिए। इसे अर्थतंत्र का आईना समझना भूल होगी। आर्थिक विकास के आंकड़े शेयर बाजार को प्रभावित करते हैं किन्तु, उसमें समय लगता है।


# पुरखा पुरातन 'परब' : 'प्रकृति के जोहार -हरेली तिहार'

**मदन मंडावी**



हरेली सावन महिना के अम्मउस तिथि म मनाए के चर्चित लोक परब आय। जेला देश के आन-आन भाग मा अलगे-अलग नाव ले जाने जाथे जइसे - मध्यप्रदेश म जीवती, अउ छत्तीसगढ़ मा हरेली। इहि ला भारत म 'हरियाली' कहिथे।

मानुष सभ्यता संस्कृति के गोठ बात ल करन त आज ले हजारों बरस पहिली मानुष जंगल पहाड़ के खोढ़रा मा राहत रहिन। पेट ल बोजे खातिर कांदाकुशा, फर अउ जंगली जीव के शिकार करके मांस ल तको खा लेवय। एकर बढ़िया उदाहरण आदिमानव ले समझे जा सकथे। बाद म इहि मनुष मन जंगल ला छोड़के मईदान म बस्ती बसाके रहे लागिन। बउरे लइक जनावर ल पालिस पोसिन। तहाँ ले भुइयाँ मा किसान जुग के सुरुवात होइस। बड़अकन बीजा मन के फसल तइय्यार होइस। भुइयाँ मा खाय के (खाद्य श्रृंखला) सिरजन होगे। मनखे मन कांदा कुशा, मांस ल छोड़के बनस्पति अनाज ल खायके सुरू करदिन।




जब सावन महिना मा फसल के पऊधा तइय्यार होइस, प्रकृति हर चारोमुड़ा लहलात हरियर होगे।तब हर कोई के मन मनरम नजारा ल देखके झूमे नाँचे लागिस अऊ एक तिहार बरोबर माहोल बनगे। जेला हमन आज हरेली कहिथन।

हरेली प्रकृति ले जुरे तिहार आय। ये मउसम म भुइयाँ अपन साज सिंगार करथे। किसान अपन आप मा - बिज्ञान, भूगोल, गणित इतिहास, कला, संसकिरती, भूत, भविष्य, वर्तमान ल लेके चलथे। आधुनिक जुग मा बिज्ञानिक अपन अनुसंधान बुता ले खुश होथे, वइसने किसान उन्नत फसल ल देखके बड़ मंगन होथे।

हरेली'' फसल के काम- बुता मा सहियोग देवईया मनके सेती वंदन बंदन सरधा - भक्ति भाव समरपित करेके तिहार आय। किसान अपन गरबपूर्ण प्राकृतिक संस्कीरिति, प्रथा, परम्परा के जड़ ला दमदम्हा बनाके पीढ़ी ले पीढ़ी एक दुसर तक पहुंचाय के जुम्मेदारी ल निभाथे। जेन आजो भी सरलग चलत हाबे।

हरेली के ये तिहार मा किसान भाई फसल म काम देवइय्या कृषि यंत्र, अउजार, हथियार ल पानी मा सूघ्घर धोके बिधि - बिधान पूर्वक सेवा अर्जी करथे। किसान के मितान राऊत भाई उपास रहिके एक दिन पहिली जंगल ले दसमूर अउ पताल कुम्हड़ा ले आथे।

हरेली के दिन बिहिनिया ले खईरखा डार म सबो किसान एकट्ठा होथे। किसान अपन पशुधन ल दवई बरोबर महुआ के लड्डू, अण्डा पान म निमक, पिसान के लोंदी अउ कंदमुल ला पकाके खवाथे। जेकर ले पेट म होवइया क्रीमी रोग भगा जाथे। दसमूर पताल कुम्हड़ा ल आपस मा बांटके खाथे।

ये बुता करके अपन पुरखा पुरातन के सच बात ल दोहराय के सोर संदेश देथे कि, हमर पुरखामन अइसने कांदाकुशा, फर, फूल ल खाके बाढ़े रिहिन हे। किसान अपन घर मा जाके नवा मुरूम ले चौड़ी बनाके अस्त्र- शस्त्र ल रखथे। चाऊर गुर के चीला रोटी, हुम धूप, अगरबत्ती, नरियर चघाके अपन परिवार के जिनगी के सुघराई बर मंगल कामना करथे। लोगन अपन पूरतीनुसार रोटी पीठा बनाके खाथे अउ खवाथे।

ये मउसम मा बिखहर कीरा- मकोरा मनके जनम (प्रजनन) धरे के रहीथे। रोग भगाय, स्वच्छता संदेश देहे खातिर मंझनिया के बाद पहाटिया(राउत) हर घरो घर जाके नीम डारा,दसमूर डंगाली ल आघू मुहाटी मा खोंचथे। जेकर ले अनचिन्हार (सुक्ष्म) जीव घर भीतर नई जावाय। लोहार धातु के खिला ढोक के टोटका टारथे, केंवट हर मछरी फाँदा के सूत बांधथे।

हरेली तिहार ले गेड़ी के शुरूवात तको होथे। लकड़ी, बांस के बने गेड़ी बरसा ऋतु मा गोड़ म होवइया रोग - राई जइसे -केंदवा, बिखहर जीव जंतु ले बाँचे के उदिम करे जाथे। येला रोग निवारण अउ खेल यंत्र के रूप म बऊरे जाथे। गांव के परम्परागत खेल मा - कबड्डी, फुगड़ी,, डंडा जइसन खेल एमा समा जाथे। महिला मन क्षेत्रीय लोक गीत मनके गायन करथे। हरेली प्रकृति परमुख लोक परब आय। ये दिन किसान प्रकृति ले अच्छा ले अच्छा, अधिकतम अनाज पईदा होयके अर्जी बिनती करथे।

किसान ये भुइयाँ के बिन कहे बोले (अघोषित) भगवान आय, जेनहर अपन खांध म मानुष संग जीवजन्तु ल भोजन देय के बीड़ा उठाए रखे हे। ये भाव के निर्वहन येमन जुग - जुग (सदियों), ले करत आवत हे। हरेली ''हर कोई ल सुख समृद्ध बनाके, आपसी मनमुटाव टारके भाईचारा के संग रहे के संदेश देथे।

ग्राम-ढारा डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## 'हर और हरि' के मिलन का पावन पर्व - 'हरियाली'

# लोक पर्व हरेली में कृषि उपकरणों में पूजे जाएंगे भगवान शनि देवगुंजायमान होगी गेंड़ियो की रुंच-रुंच की आवाज

**आत्माराम कोशा "अमात्य"**



सावन के महीने को भगवान शिव-शंकर का पुनीत मास कहा जाता है। इस समय प्रकृति के चारों ओर हरियाली बिखरी रहती है। सावन के इस आह्लादित वातावरण में जहां शिवोहम की ध्वनि गुंजायमान होते रहती है वहीं धरती के चारों ओर बिखरी प्राकृतिक हरीतिमा में भगवान श्री हरि विष्णु व्यंजित होते रहते हैं। यह वही समय है जब सृष्टि का प्रादुर्भाव हुआ था। क्षीर सागर में शेष सैंया में लेटे श्री हरि विष्णु को एक अकेले रहना नहीं भाया और उनके मन में एकोहम बहुश्याम की भावना हुई और स्फुरणा होते ही वे एक से अनेक होते चले गए। इससे स्थावर- जंगम में जीव-जंतु, पादप सभी का प्रादुर्भाव हुआ। जीवों में जहां शिव का वास था वहीं चारों ओर फैली हरियाली मे श्री हरि विष्णु समाए हुए थे। यह समय जीव से शिव के मिलन का समय था। दूसरे अर्थों में इसे जीवों में व्याप्त शिव याने कि 'हर' और प्रकृति की हरीतिमा में व्याप्त 'हरि' के मिलन का पर्व कहा जा सकता है। इस हर और हरि के मिलन के पर्व हरियाली का छत्तीसगढ़ी रुप हरेली कहलाता है।

आज के ही दिन न्याय के देवता शनि देव का जन्म हुआ माना जाता है। वे काले वर्ण के है। इसमें संयोग देखिए कि देवों के देव भगवान शिव शंकर, नीलमाधव भगवान विष्णु और शनि देवता तीनों काले वर्ण के हैं। शनि देवता का जन्म ही अमावस्या के दिन काली रात में हुआ इससे वह काले हैं। श्री हरि विष्णु के अवतार भगवान श्री कृष्ण भी काली अंधियारी रात में आए थे इसलिए काले हैं और महाकाल भगवान शिव तो आदि देव कहे जाते हैं इसलिए ही वह काले है। यही वजह है कि शनि देव को काले कपड़े व काला तिल पसंद है। कालों के काल महाकाल शिव के साधक अघोरी काले कपड़े पहनते हैं।और कृष्ण भगवान तो काली कमली वाले कहलाते ही है।

### हरियाली याने शनि जयंती

भूवन भास्कर सूर्य के पुत्र शनि को शनैश्चर भी कहा जाता है यानि कि धीरे चलने वाला ग्रह। लोक में यह शनिच्चर के रुप में व्यवहृत होता है। बता दें कि लोक की अपनी अलग सोंच व समझ होती है। भगवान शनि देव की जयंती मनाने का उनका अपना अलग ढंग है। हरेली पर्व के दिन लौह धातु में निवास करने वाले भगवान शनि की जयंती वह कृषि कार्य में उपयोग आने वाले हल-बक्खर में लगे लोहे के फाल, रापा-कुदाली, हंसिया-टांगिया, साबर आदि लौह निर्मित कृषि औजारों की पूजन कर मनाता है।

इस दिन इन कृषि उपकरणों में तिलक-चंदन लगाकर इनमें काले तिल व गुड़ से बने गुरहा चिला चढ़ाया जाता है और शनि भगवान से अपने फसलों की कीट- पतंगों से सुरक्षा - संरक्षा की कामना की जाती है। डोंगहार भाई अपनी नाव की और बढ़ई व लोहार बंधु अपने लौह निर्मित औजारों की तिलक चंदन लगाकर पूजा करते हैं, नारियल चढ़ाया जाता और धंधा पानी सहित अपने घर-परिवार की सुखमयता की कामना की जाती है। हरेली के दिन बारिश के दिनों में पैदा होने वाले संक्रामक लोगों से बचाव के लिए जहां राऊत बंधु इंटीसेप्टिक समझे जाने वाले नीम के पत्ते घरों में खोंसे जाते हैं वहीं गो-धन की स्वस्थ्य की रक्षा के लिए उसे अण्डा पान में जड़ी- बूटी निर्मित आटे की लोंदी खिलाया जाता है।

चूंकि बारिश के दिनों में चारों ओर कीचड़ का वातावरण बना रहता है इस वजह से गली- खोरों में चलने के लिए बांस से बने गेंड़ी का इजाद किया गया। जिसमे चढ़कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से जाया जा सकता है। इसीलिए आवश्यकता को अविष्कार की जननी कहा गया है। हरेली के दिन बच्चों व युवकों के लिए गेंड़ी खपाना आवश्यक माना जाता है। छोटे- छोटे बच्चे और युवक इसमें चढ़कर रुंच- रुंच का मजा लेते हैं। एक दूसरे में ठिक्की लड़ाते हैं। गेंड़ी दौड़ स्पर्धा की जाती है। जवान युवक इस दिन नारियल फेंक स्पर्धा कर पैसो की बाजी भी लगाते है। हरेली पर्व के दिन जहां राऊत बंघु लोगो के संक्रामक लोगों से बचाव की कामना से उनके घरों में जाकर घर के दरवाजों पर नीम की छोटी टहनियां खोंसते है वहीं लोहार बंघु लोगो के धरो की देहरी में अभिमंत्रित कील ठोकते हैं और बदले में अपने मालिक ठाकुर से दान- दक्षिणा पाते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह किसानों सहित सौंजिहा चरवाहा आदि के श्रमशील जीवन में एक दिनिया अवकाश लाने वाला पर्व है जिसे प्रकृति के चारों ओर बिखरी प्राकृतिक हरीतिमा का पर्व हरियाली के रूप में मनाया जाता है जिसे लोक शब्दों में हरेली कहा जाता है। यह दूसरे अर्थों में शनि जयंती का ही पर्व है।

### पौध रोपण के विधान

हमारे देश में ऋषि परम्परा और कृषि परम्परा का अविनाभाव संबंध है। हरियाली के दिन को सृष्टि के प्रादुर्भाव होने का दिन माना जाता है ,इसलिए इस दिन हमारे ऋषि-मुनियो द्वारा पेड़ लगाने, पौध रोपण का विधान सुनिश्चित किया गया है। वैसे भी किसानों का पेड़-पौधों के बिना जीवन नहीं चलता इसलिए प्रकृति में हरियाली बनाए रखने के लिए वह पेड़-पौधे जरुर लगाता है। वहीं अपनी फसलों की बेहतरी व गांव की सुरक्षा के लिए बइगा-गुनियों से मंत्रों के माध्यम से गांव बंधाया जाता है। हरेली की रात बइगा-सिरहा आदि गांव की सरहद में नींबू काट कर व लाली-बंदन टीक कर चिंया छोड़ते हैं जिसे सवनही बरोना कहा जाता है। इस रात टोनही निकलने की बात भी कही जाती है लेकिन इसका सबूत नहीं देखने में नहीं आया है। चूंकि अमावस्या की गहरी काली रात में भयावहता रहती है इसलिए लोगों को डराने के लिए यह बात कह दी गई है ऐसा जान पड़ता है।

### लोक खेलों का महत्व

हरेली का पर्व किसानों के श्रम शील जीवन में एक दिनिया अवकाश लेकर आने वाला पर्व है। इस दिन बड़े-बूढ़ों से लेकर बच्चे व युवक-युवतियों में लोक खेलों के प्रति उमंग व उत्साह बना रहता है। इसमें प्रमुख रुप से नारियल फेंक स्पर्धा, गेंड़ी दौड़ व ठिक्की लड़ाने का खेल, डंडा- पचरंगा, सूर, खुडुवा, कबड्डी का खेल खेला जाता है वहीं बुजुर्गों में चौसर पासा आदि व लड़कियों में, फूगड़ी, खो-खो,आदि के खेल खेले जाते हैं। जानकारों की मानें तो फूगडी फूं-फूं खेलने वाली लड़की या माता-बहनों के मातृत्व सुख में आसानी होती है। खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक व स्फूर्ति प्रदान करने वाला है वहीं हमारे शरीर के आंतरिक बनावट को परिस्थिति अनुकूल व्यवस्थित करने वाला भी है। लोक पर्व हमें धर्म अध्यात्म की ज्ञान सहित लोक जीवन की भी शिक्षा देते है। इसकी अक्क्षुणता को बनाए रखना जरूरी है। हरियाली का पर्व हरेली भी उनमें से एक है।

- जिला समन्वयक, छ.ग. राजभाषा आयोग

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 222 : कैकेई की घोषणा, राम! तुम वल्कल पहन 14 वर्षों के लिए आज ही वन जाओगे

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कल रात्रि से जो गहन अंधकार छाया है वह श्री राम रूपी सूर्य के प्रवेश के बाद अब छंट रहा है। अगर कहीं समस्या है तो राम नाम में उसका समाधान है। पिता ने भी इसीलिए श्री राम को अपने पास बुलवाया है।

''यह तो आपका स्तुत्य निर्णय है माते! हे पिताजी ''आप माता को वे दो वरदान क्यों नहीं देना चाहते हैं? आपका पुत्र होने के नाते यह मेरा भी कर्तव्य है कि मैं आपके उन वरो के पालन में अपनी ओर से हर संभव सहायता करूं।'' श्री राम ने कहा।

राजा दशरथ की आंखें डबडबा आई।

राम ने हाथ जोड़कर माता कैकेई से कहा, ''वे दो वर क्या हैं,आप ही बताइए माते! पिता श्री संकोच कर रहे हैं। संभवतः उनके सामने कोई धर्म संकट उपस्थित हो गया है।''

''सुनो राम। महाराज से मैंने पहला वर मांगा है, तुम्हारे अनुज भरत का युवराज पद पर अभिषेक और दूसरा वर 14 वर्षों के लिए तुम्हारा वनवास।'' कैकेई ने आदेशात्मक स्वर में घोषणा करते हुए कहा।

यह सुनकर श्री राम प्रसन्न हो उठे। उनके चेहरे पर एक अद्वितीय मुस्कान तैरने लगी। यह श्री राम ही हैं, जिन्होंने उन दोनों वरों को वरदान के रूप में लिया, किसी दंड या अभिशाप के रूप में नहीं। उनके स्थान पर कोई और होता तो मुख पर सर्वप्रथम आश्चर्य के भाव उभरते। श्री राम इन अप्रत्याशित वरदानों के बारे में सुनकर भी सहज और संतुलित हैं।

''अवश्य! पिता महाराज से आपने ये दोनों वरदान उचित ही मांगे हैं। मैं वन जाने के लिए सहर्ष तैयार हूं छोटी माता।'' श्री राम ने उत्साहपूर्वक कहा।

रानी कैकेई ने वनवास की शर्तों को स्पष्ट करते हुए कहा, ''तुम्हें वन जाना है राम! लेकिन सुख सुविधाओं के साथ नहीं। तुम उसी तरह वल्कल धारण करोगे, जिस तरह तपस्वी धारण करते हैं। तुम वन में उसी तरह अपना जीवन व्यतीत करोगे, जिस तरह वन में रहने वाले तपस्वी व्यतीत करते हैं।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### मनहरण घनाक्षरी
### हरेली तिहार

नर अउ नारी सब, करव तियारी अब,
धो के संगी पूजा करौ, किसानी औजार के।
जुड़ा, नाँगर, कुदारी, बसूला, बक्खर, आरी,
सदा ही आधार होथे, सबो कास्तकार के।
दीया कपूर जलावौ, भोग चीला के लगावौ,
नारियल भेंट करौ, आरती उतार के।
छत्तीसगढ़ के सबो, छोटे-बड़े मनखे ल,
बधाई हे गाड़ा-गाड़ा, हरेली तिहार के।।
जावौ अंडा पान लावौ, लोंदी आटा के बनावौ,
गऊ ल खवावौ संगी, बने पुचकार के।
करो झन अब देरी, लावौ बाँस साजो गेंड़ी,
मचो चढ़ रिच-रिच, माटी तेल डार के।
मंद-दारू के संगति, हर लेथे शुद्ध मति,
मान तार-तार झन, करो परिवार के।
बाढ़े घर मा पिरित, गावैं सबो जन गीत,
महिमा घटावौ झन, हरेली तिहार के।।
नीम डारा खोंचे बर, जावत हे घरो-घर,
तन मा राउत हर कौड़ी ल सिंगार के।
घड़ी सुखदायी हावे, नीक पुरवाई हावे,
विदा करौ आज सब, मन उजियार के।
आवै जोगी या मंगन, आनाकानी करो झन
मान दे के लाज रखौ, अपन दुवार के।
दुखिया के दुख हरो, मन हरियर करो,
हावे इही सन्देश जी, हरेली तिहार के।।



राम कुमार चन्द्रवंशी
बेलरगोंदी (छुरिया)
जिला-राजनांदगाँव
9179798316

## कविता

### हरेली

खेती-किसानी हरियागे, संगी हरेली आगे।
भुइँया के भाग जागे, चहूँ दिशा खुशी छागे।
रूख-राई झुमरत हे, पुरवाही छेड़े हे गीत।
हरियर-हरियर डारा-पाना, प्रकृति सबके मीत।
वर्षा की बूँदे रिम-झिम, झुमर के सावन भाग।
हरेली के तिहार मनभावन, गेड़ी हा रच-रचागे।
लइका मन नवा पहिन, तिहार निक लागे।
रापा, कुदारी धोवागे, नांगर संग सबो औजार सजागे।
पूजा-पाठ अउ सुग्घर मेहनत के रास-उपास।
खेलकूद अउ प्रकृति के गान, हरेली के साज-आस।

डॉ. मनी भनेश्वर 'ध्येय'
गीतांजली चौक-नवागांव
पो.धौराभाठा, जिला-धमतरी
हरेली तिहार के गाड़ा-गाड़ा भलमनसुभा

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। लॉ के क्षेत्र से जुड़े स्टूडेंट के लिए आज का दिन बेहतकीन रहने वाला है। आज कहीं से एक केस आपके हाथ लग सकता है। उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा। कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा।

**वृषभ** — आज का दिन परिवारवालों के साथ बितेगा। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान भी बन सकता है। आज अचानक आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकते हैं। दोस्तों के साथ लंबे टूर की प्लांनिग बन सकती है। आज आपके बिजनेस में फायदा होने के योग बन रहे है। स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा।

**मिथुन** — आज के दिन मन में नए ङ्क नए विचार आ सकते है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है, मेहनत का फल अच्छा मिलेगा। दोस्तों के साथ बाहर हील स्टेशन पर जा सकते है। आज आपकी मुलाकात अचानक किसी दोस्त से हो सकती है।

**कर्क** — आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी वाणी पर कंट्रोल रखने से आपको ही फायदा होगा। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। बेहतक होगा कि आप बाहर के खाने को अवॉयड करें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**सिंह** — आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। निश्चित ही घर में खुशियों का आगमन होगा। पारिवारिक समस्याएं आज खुद-ब- खुद दूर हो जाएगी। आज के दिन कोई करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा।

**कन्या** — आज आपका रुझान आध्यात्म की तकफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकती है। दुश्मन आपको परेशान करने की पूरी कोशिश करेगें, लेकिन अपनी समझदारी से आप कार्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे। इस राशि के आविवाहित लोगों को विवाह के लिए प्रस्ताव मिल सकता है।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आर्शीवाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। राजनीति में आप सक्रीय भूमिका निभाएंगें।

**वृश्चिक** — आपकी ऊर्जा का स्तक अच्छा रहेगा। बढ़े हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। व्यापार के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, रोज की अपेक्षा ज्यादा सेल होगा। इस राशि के नवविवाहित आज किसी रेस्टोरेंट में डीनर करने जायेंगे। पुरानी जयजाद के क्रय- विक्रय से लाभ होगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। नया कोर्स ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**मकर** — आज का दिन ठीकङ्कठाक रहेगा। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज फर्नीचर खरीदने के लिए दिन शुभ है। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से पहले किसी अनुभवी की राय जरूर ले लें।

**कुंभ** — आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है, यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। बच्चों के बेहतक करियर के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज हो सके उधार के लेन-देन से बचें। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। आज दूसरों के मामले में दखल ना दें, आवश्यकता पड़ने पर ही अपनी राय दें।

# रंग लाई सांसद संतोष पांडेय की कोशिश : डोंगरगढ़ का पर्यटन क्षेत्र के रूप में होगा विकास, जल्द ही प्रारंभ होगा काम

### सांसद पांडे ने स्थानीय ट्रस्ट समितियों के प्रमुखों से लिया जा रहा है सुझाव

डोंगरगढ़(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, गृह एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पाण्डेय, डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक एवं शैडो विधायक विनोद खांडेकर व प्रदेश जिला एवं मंडल संगठन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सांसद संतोष पाण्डेय के सोच के अनुरूप परिक्रमा पथ का निर्माण सभी धार्मिक स्थलों को जोड़ते हुए किया जायेगा।



डोंगरगढ़ सर्व धर्म सद्भाव की नगरी है यहां डोंगरगढ़ के विकास के लिए सभी धर्म के लोग आगे आकर अपनी राय समय-समय पर सांसद संतोष पाण्डेय के समक्ष रखते आ रहे हैं। धर्मनगरी के धार्मिक ट्रस्ट मां श्री बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महेंद्र परिहार के साथ ट्रस्ट समिति के सदस्य गण, चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जैन, ट्रस्टी अमित जैन एवं सदस्य गण, प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के प्रमुख विनोद खांडेकर, शैलेंद्र डोंगरे सहित सदस्य गण, जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोनू कुमार सिन्हा, जितेंद्र सिंह ठाकुर, भागवत नामदेव सहित सदस्य गण, रावटी पहाड़ी सतनामी धाम अध्यक्ष परस राम, जितेंद्र गेंदडे सहित सदस्य अपने-अपने ट्रस्ट के लेटर पैड के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय को अनेक विकास कार्यों की लिखित रूप से जानकारी देते हुए अवगत कराते आ रहे हैं।

### सांसद पांडे के विशेष प्रयास से हो रहे हैं विकास कार्य -

सांसद संतोष पाण्डेय के द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्र के विकास से संबंधित सभी मांगों को राज्य एवं केंद्र स्तर तक पहुंचने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। रोड का काम पूर्व से गजमर्रा से चंद्रगिरी, चंद्रगिरी से बम्लेश्वरी मंदिर रोड तक काम प्रगति पर है। इसी प्रकार डोंगरगढ़ के विकास के लिए पूर्व में प्रसाद योजना के तहत विभिन्न कार्य स्वीकृत हुए थे। वह सभी कार्य प्रारंभ है। अभी सांसद संतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन को पत्र व्यवहार के माध्यम से डोंगरगढ़ के सभी धार्मिक क्षेत्र को जोड़ने के लिए फोरलेन परिक्रमपथ निर्माण की महत्वपूर्ण मांगों को बजट में जोड़ने का अग्रह किया था। जिसे बजट में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन विभिन्न ट्रस्टों के मांग के अनुरूप डोंगरगढ़ को बाईपास एवं परिक्रमपथ की सौगात के साथ-साथ अन्य सौगात भी प्रदान किए गए हैं। साथ ही विभिन्न ट्रस्टों के द्वारा अलग-अलग जो मांग की गई थी वह भी शासन एवं प्रशासन के माध्यम से उसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। बहुत जल्द सभी विकास कार्य बिना रुकावट के प्रारंभ होंगे।

राजनांदगांव जिले के संतोष पाण्डेय के द्वारा समय-समय पर सभी ट्रस्ट के प्रमुख के साथ विशेष रूप से चर्चा करते हुए डोंगरगढ़ के विकास में और क्या-क्या हो सकता है उस की रूपरेखा तैयार की जाती रही है। विजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया डोंगरगढ़ के सभी विषय को लेकर हमारे जिले के प्रमुख नेता गण भाजपा के संगठन के प्रमुख प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय एवं जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल का हर संभव प्रयास होता है की डोंगरगढ़ के विकास में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें सांसद कार्यालय राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डेय से मिलकर डोंगरगढ़ के महत्वपूर्ण विषय को शासन प्रशासन की ओर भिजवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंह मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ,सुरेन्दर सिंह, सुनील जैन, अमित जैन परविंदर सिंह मोंटी, राकेश अग्रवाल संतोष राव, अमित छाबड़ा, प्रिंस कक्कड़, सुमित मिश्रा, विक्की भाटिया, ज्योति बड़वाईक के साथ-साथ डोंगरगढ़ के जेस्ट, श्रेष्ठ कार्यकर्ता का विकास के प्रति जागरूकता के चलते आने वाले समय में डोंगरगढ़ में विकास की गंगा बहेगी डोंगरगढ़ के सभी महत्वपूर्ण विषय में सांसद संतोष पाण्डेय के निजी सहायक प्रखर का भी भरपूर सहयोग मिलता रहा है।

### पालिका परिषद की बैठक में तीखी नोक झोंक

## डेढ़ साल पहले पूरा हो चुके निर्माण को विषय सूची में रखने पर बवाल, भाजपा-कांग्रेस पार्षदों में जमकर हुई बहस



खैरागढ़(मोहारा)। नगर पालिका में सत्ता पलट के बाद अब भाजपा की शहर सरकार बन चुकी है. शुक्रवार की शाम परिषद की सामान्य बैठक बुलाई गई, जिसमें कांग्रेस और भाजपाई पार्षदों के बीच जमकर बहस हुई. वार्डों में काम के बटवारे को लेकर भी जमकर हंगामा हुआ. बैठक में 25 बिंदुओं की विषय सूची पर चर्चा हुई, लेकिन इस विषय सूची में एक ऐसा विषय भी शामिल किया गया था, जिसका काम और भुगतान दोनों ही डेढ़ साल पहले हो चुका है. पूरे मामले को लेकर धनेली वार्ड क्रमांक 13 के कांग्रेस पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा ने बताया कि बैठक में जो 15वें वित्त आयोग के मद से मेरे वार्ड धनेली में नाली निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है, इसका निर्माण पहले ही हो चुका है. फिर भी इसे प्रस्ताव में शामिल करना समझ से परे है. इसमें कहीं ना कहीं वर्तमान सरकार और पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत है. इसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है. मैंने सदन में इसका विरोध किया तो टंकण त्रुटि का हवाला देकर अधिकारी गोलमोल जवाब दे रहे हैं इसलिए निश्चित ही इसमें दाल में कुछ काला है, क्यूंकि काम पहले ही हो चुका है और भुगतान भी हुआ है. वहीं इस विशेष बैठक पर कई सवाल खड़े करते हुए विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया, सामान्य सभा की बैठक में नगर पालिका की लचर व्यवस्था नजर आ रही है. सारे अधिकारी लापरवाही पूर्वक काम कर रहे हैं. किसी भी विषय पर कर्मचारी सदन में बिना फ़ाइल के आए हैं, जिसकी सदन में हमने निंदा की है. सामान्य सभा की बैठक में अचानक बजट पेश करने की बात आती है, जिसका विरोध हमने किया तो विषय को कैंसिल किया गया है. 15वें वित्त के कई कार्य जो विभिन्न वार्डों में है यहां पहले से ही कार्य हो चुका है, लेकिन वित्तीय स्वीकृति के लिए आज उसको सदन में लाया गया, जो घोर निंदनीय है और नगर पालिका की बड़ी लापरवाही है. इस पूरे मामले पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताते हुए लिपिकीय त्रुटि का हवाला देते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया है.

## लगातार हो रहे तेज बारिश को देखते हुए कलेक्टर ने की सावधानी बरतने की अपील

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विगत कुछ दिनों से प्रदेश के साथ-साथ बालोद जिले में लगातार हो रही तेज बारिश को देखते हुए जिले के आम नागरिकों से इस दौरान सावधानी बरतने की अपील की। जिससे की इस दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि बालोद जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नालों एवं नीचले इलाकों में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे कठिन समय में जिले के आमजनों से अपील की जाती है कि वे नदी नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें। सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं।

## पहला कॉलम...

### बारिश ने मचाई तबाही : उजड़ा गरीब का आशियाना



खुज्जी (दावा)। पिछड़े एक पखवाड़े से रुक-रुककर हो रही बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है जिसके चलते कच्चे मकानों को क्षति पहुंच रही है बीते दिवस की बारिश में खुज्जी निवासी रुक्मणी सोनपिपरे पति स्व. घनश्याम सोनपिपरे का कवेलू वाला मकान ढह गया उस वक्त महिला रुक्मणी बाई घर मे काम कर रही थी संयोग से महिला बाल-बाल बच गई। उसने बताया कि उसके घरेलू सामान उक्त घर मे अभी भी दबे पड़े हैं जिसे निकालना भी मुश्किल हो रहा है महिला ने इसकी सूचना सरपंच को दी तब सरपंच पति ने जाकर निरीक्षण पश्चात पटवारी को इसकी सूचना दे दी है आपदा पीड़ित महिला ने मुआवजे की मांग की है।

### खैरागढ़ महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम




खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं शासकीय नवीन कन्या कॉलेज द्वारा दिनांक 2 अगस्त को शासन के निर्देशानुसार 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. साखरे ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र छात्राओं को जागरुक करते हुए अपने मां के नाम एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रकृति के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है, इसलिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाकर एवं इसके बड़े होते तक सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. साखरे, छात्रसंघ प्रभारी एवं ग्रंथपाल जे.के.वैष्णव, रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो.सुरेश आडवाणी, प्रो. आर एल देवांगन, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशपाल जंघेल, क्रीड़ा प्रभारी प्रो. सतीश माहला, अतिथि व्याख्याता डॉ. उमेंद चंदेल, डॉ. मेधाविनी तुरे, दुर्वासा सिन्हा, कुंदन यादव, अजय कुमार, रविप्रकाश चतुर्वेदी के अलावा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। आभार प्रदर्शन करते हुए प्रो. यशपाल जंघेल ने पौधारोपण कर उसके सुरक्षा की अपील की।

### बुद्धुभरदा में मकान गिरने से वृद्धा बाल-बाल बची अनुसुईया बाई



डोंगरगांव (दावा)। बुद्धूभरदा की 80 वर्ष वृद्धा अनुसुईया बाई का कच्चा मकान आज गिर गया, उनके घर के दीवार पर रोहित साहू ने दस दिन पूर्व सैप्टिक बना दिया था, जिससे आज शाम पांच बजे मकान गिर गया। अनुसुईया बाई बाल-बाल बच गई उस वक्त शौचलय के लिए बाहर गई थी सैप्टिक निर्माण बनाते समय अनुसुईया बाई ने गांव के प्रमुखों को बताया लेकिन रोहित साहू ने गांव के गली पर बना रहा करके अपना सैप्टिक निर्माण शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना से बनाने एवं उचित मुआवजा की माग शासन प्रशासन मे की है। वहीं रोहित साहू पर उचित दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

### रेल सुविधा नहीं होने से आम नागरिक खस्ताहाल प्राइवेट बसों के भरोसे

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के अधिकांश क्षेत्र में रेल सुविधा नहीं होने से यहां आम नागरिक खस्ताहाल प्राइवेट बसों के भरोसे है. जिसमें न तो सीट की व्यवस्था ठीक है और छत की, न कही किराया सूची और न स्टॉपेज का ठिकाना. बड़े अधिकारी वर्ग या जनप्रतिनिधि नेतागण एसी कार में चलने की वजह से आमजनों की परेशानियों से कभी रूबरू नहीं हो सकते और न ही व्यवस्था में कोई सुधार लाया जा सकता है. कभी कभी यात्री बस में सफर करने पर यात्रियों की दिक्कतें समझ आती है. छत्तीसगढ़ का एक छोर औंधी, मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी, डोंगरगांव के सवारियों को प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंचने के लिए केवल इन्हीं प्राइवेट यात्री बसों का सहारा है।

## इंदिरा आवास के ग्रामीण खराब सड़क से परेशान, सरपंच, सचिव नहीं दे रहे समस्याओं पर ध्यान



मोहला (दावा)। अम्बागढ़ चौकी विकासखण्ड का ग्राम पंचायत सिंघाभेड़ी जहां के ग्रामीण इन दिनों वार्ड में खराब रास्तों की वजह से ज्यादा परेशान है ग्रामीणों की माने तो वार्ड के कई जगहों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है जहां ग्राम पंचायत द्वारा प्राथमिकता से ग्रामीणों को बिजली, सड़क, पानी, की सुविधा दिलाने का कार्य करती है लेकिन इस ग्राम पंचायत के वार्ड नं. 01 इंदिरा आवास के ग्रामीण खराब सड़क से परेशान है। इस वार्ड में सीसी रोड का निर्माण नहीं होने के चलते बारिश के मौसम में यहां पर से गुजरना वार्डवासियों के लिए बड़ा मुश्किल हो जाता है। इस रास्ते पर इतना दलदल, कीचड़ हो जाया करता है जिससे स्कूल पढ़ने वाले बच्चों से लेकर यहां पर के ग्रामीणों का चलना दुश्वार हो जाता है यहां तक कि रास्ता खराब होने के कारण कई बार लोग मोटरसाइकिल व पैदल चलते वक्त फिसल कर गिर जाने से दुर्घटना का शिकार हो चुके है। हालांकि अभी तक किसी को भी कोई गंभीर चोंटे नहीं आई है। जबकि ग्रामीणों में दीपक यादव, ओमप्रकाश यादव, नरेश साहू, नरेश खांडे, बालेश्वर यादव, कौशल यादव, जिरोधन चन्द्रवंशी, चरण नेताम, रामप्रसाद, मोतीराम, भूषण तितराम, श्रवण चन्द्रवंशी सहित अन्य वार्डवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव से खराब रास्ते को लेकर कई दफा शिकायत कर चुके है लेकिन सरपंच का पूरा कार्यकाल खत्म होने का समय आ रहा है मुश्किल से कुछ माह भर बाकी पड़ा है फिर भी अभी तक सरपंच, सचिव द्वारा हमारी समस्याओं को दूर नही किया जा सका है जिससे वार्डवासियों में काफी नाराजगी है। वही उनका कहना है कि उनकी समस्याओं को पंचायत जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समस्या को ध्यान नही दिया जा रहा और जल्द ही इस समस्या को दूर नही किया गया तो आगामी आने वाले ग्राम पंचायत चुनाव का सभी वार्डवासी को चुनाव बहिष्कार करने पर विवश होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

**समस्या जल्द नही हुई दूर तो होगा चुनाव बहिष्कार**

## व्यापारियों पर सरकार का तानाशाह रवैया: भुनेश्वर बघेल



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल ने कहा कि छीसगढ़ में डबल इंजन की नाकाम सरकार उद्योगों को षडयंत्र पूर्वक बंद करवा कर लाखों कार्यरत लोगों को बेरोजगारी का रास्ता दिखा चुकी है। बिजली धर्म में वृद्धि के साथ लगभग 200 से अधिक उद्योग बंद होने के कगार पर आ चुके हैं, फिर से वह समय लौट चुका है जब भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने सैकड़ों उद्योगों को बंद कर दिया था और अब भी वही चल रहा है। वह समय दूर नहीं जब प्रदेश में बेरोजगारी फिर से बढ़ जाएगी और प्रदेश में लाखों लोगों के समक्ष रोजी-रोटी कामना एक संकट बन जाएगा।

श्री बघेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में उद्योगों को 6 प्रति यूनिट में बिजली दी जा रही थी लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद इसे 7.60 रुपए प्रति यूनिट कर दिया गया है जहां 15 फीसदी तक एफपीपीएस, 10 पैसे उपकर लिया जा रहा है। जिसके चलते उत्पादन की लागत बढ़ गई है, जहां लागत बढ़ने का असर लोहे की कीमत पर पड़ेगा, कुछ दिनों में ही लोहे की कीमतों में 10 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो जाएगी। लोहे का उपयोग कई प्रकार के कार्यों में किया जाता है जिससे महंगाई दर बढ़ सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 500 से अधिक उद्योगों का संचालन हो रहा है पर आज यह उद्योगपति भाजपा सरकार को कोस रहे हैं उनके समझ से परे है कि आखिर करें तो क्या करें। अब उनके सामने उद्योग बंद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उद्योगों बंद होने से लाखों बेरोजगार नहीं बल्कि लाखों परिवारों को इसका परिणाम झेलना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ को देश में उत्पादक राज्यों में गिना जाता है लेकिन उपभोक्ता की नजर से राज्य छोटा है जाहिर सी बात है कि अन्य राज्यों की तुलना में हमारे राज्य में उत्पादन महंगा होगा और बिक्री भी महंगी होगी। इसलिए आने वाले समय में राज्य को न केवल बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा बल्कि जनता को डबल इंजन सरकार द्वारा मिलने वाली महंगाई की दोहरी मार भी झेलनी पड़ेगी।

## विधायक यशोदा वर्मा को युवा नेता दिलीप ओगरे ने स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद ज्ञापित किया



गंडई पंडरिया (दावा)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने शिक्षा व बच्चों के प्रति गंभीरता दिखाते हुए खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शासकीय स्कूलों की देखभाल के लिए विधायक प्रतिनिधि के रूप में पार्टी के कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा है। इस आशय का पत्र विगत दिनों खैरागढ़ विधायक कार्यालय से जारी हुआ जिसमें आत्मानंद स्कूल गंडई में दिलीप ओगरे, कन्या स्कूल गंडई में हेमलता ठाकुर, शासकीय कॉलेज गंडई में साकेत दुबे एवं लिमों के शासकीय स्कूल में इसराइल खान को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नियुक्ति के पश्चात दिलीप ओगरे एवं अन्य नेता आभार ज्ञापित करने विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा का कार्यालय पहुंचे। विधायक खैरागढ़ को आभार प्रदर्शित करते हुए उन्होंने देऊर मंदिर का चित्र स्मृति स्वरूप भेंट किया। साथ ही गुलदस्ता व मिठाई खिलाकर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। उनके साथ विधायक प्रवक्ता अमित टंडन लीमों स्कूल के विधायक प्रतिनिधि इसराइल खान, विक्की टंडन भी उपस्थित रहे। पार्षद दिलीप ओगरे ने खैरागढ़ विधायक से देऊर मंदिर में देऊर महोत्सव प्रारंभ कराने हेतु निवेदन भी किया एवं खैरागढ़ विधानसभा के विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा भी की। ज्ञात हो कि पार्षद दिलीप ओगरे की नियुक्ति से पूरे खैरागढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। वे अविभाजित राजनांदगांव जिले में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के विभिन्न दायित्व में रहे। लोकसभा, विधानसभा, नगरी निकाय, पंचायत चुनाव में उनके चुनाव कौशल से पार्टी को लाभ हुआ है। आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में भी उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहेगी।

### मंदिर से शिवलिंग की चोरी

डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। डोंगरगढ़-मोतीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत मुसरा के आश्रित ग्राम छोटे मुसरा खुद के प्राचीन शिव मंदिर से किसी शरारती तत्व द्वारा शिवलिंग की चोरी कर ली गई है। इससे भक्तजनों की भावना आहत हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना देर रात की हैं। चोर की खोजबीन की जा रही है।

## लोक कला-संस्कृति है हमारी धरोहर



### संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

कल्लूबंजारी (दावा)। गत दिनों शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के तत्वावधान में स्कूल शिक्षा विभाग के मंशानुरूप शिक्षा सप्ताह के तहत मां कर्मा भवन में स्कूली बच्चों का संगीतमय रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच डोमेन कुमार पटेल रहे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार कंवर ने किया। विशेष अतिथि ग्रामपटेल राजकुमार पटेल, विधायक प्रतिनिधि पुष्पा सिन्हा, पाक्सो निगरानी समिति के अध्यक्ष भवन सिंह ठाकुर, पालक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल एवं गणमान्य नागरिक बलिहार पटेल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच डोमेन कुमार पटेल ने कहा कि शाला के शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित यह सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही शानदार है। छत्तीसगढ़ी लोक कला-संस्कृति हमारी प्राचीन एवं गौरवशाली धरोहर है जिसे मूल रूप में संरक्षित करने के लिए संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम निरंतर होते रहना चाहिए। विशेष अतिथि पुष्पा सिन्हा ने कहा पहले विद्यालयों में इस तरह के संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहता था। लंबे अंतराल के बाद माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के स्कूली बच्चों के द्वारा प्रस्तुत यह संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। इससे विभिन्न कला संस्कृति से रूबरू होने का अवसर प्राप्त हुआ तथा अन्य बच्चों में छत्तीसगढ़ी लोक कला-संस्कृति के प्रति रूचि जागृत हुई है।

इस अवसर पर भवन सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल एवं राजकुमार पटेल ने भी अपनी विचार व्यक्त कर शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में सभी बच्चों से सहभागिता निभाने का आह्वान किया। पूर्व में कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षा सप्ताह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबध में सारगर्भित जानकारी प्रस्तुत किया। शिक्षक श्री कुरेटी के कुशल निर्देशन एवं सफल संचालन में आयोजित संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत कु.चांदनी एवं सहेलियों ने वंदना, कु. देविका एवं सहेलियों ने राजगीत अरपा पैरी के धार, कु.उरांसी एवं सहेलियों ने ददरिया अमरैया चिरैंया, कु.डिम्पल एवं सहेलियों ने कर्मा गीत, कु.रूपाली एवं कु.चांदनी ने युगल गीत नैना म नैना डार के एवं कु.चाहत एवं सहेलियों ने मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। गायिका के रूप में कु.ओजेश्वरी, कु.उर्वशी एवं कु.मधु ने स्वर दिया। संगीतकार के रूप स्थानीय लोककलाकार टोमन ठाकुर ने हारमोनियम एवं बेंजो तथा देवसर कोर्राम ने तबला वादन में सहभागिता निभाया। प्राथमिक शाला कल्लूबंजारी के बच्चों ने प्रेरणादायी गीत एवं कविता प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी एवं आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक गीता कन्नौजे ने किया।

इस अवसर पर संकुल समन्यक मूलचंद मंडावी, शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते, चुम्मन लाल भुआर्य, मोहन लाल चन्द्रवंशी, रोमन कुमार साहू, सफाई कर्मचारी जितेन्द्र पटेल एवं गजेन्द्र ठाकुर आदि सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के बच्चे उपस्थित थे।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में सुनी जा रही लोगों की समस्याएं




छुरिया(दावा)। शासन के आदेशानुसार 27 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन नगर पंचायत छुरिया में 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आज जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन यात्री प्रतिक्षालय नया बस स्टैण्ड मे किया गया है जिसमें कुल अब तक 83 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमें 73 मांग एवं 10 शिकायत प्राप्त हुआ है, जिसमें 29 आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया है। सफाई एवं स्ट्रीट लाईट से संबंधित प्राप्त आवेदनो का तत्काल निराकरण किया गया। स्थानीय नगरीय निकाय द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिक को मूलभूत नागरिक सुविधाएं जल आपूर्ति, राशन कार्ड, स्ट्रीट लाईट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सड़कों के गढढे पाटना, लाईट मरम्मत, इत्यादि समस्याओं का निराकरण करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। आम नागरिकों से अपील है कि जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर मे मांग शिकायत से संबंधित आवेदन कर सकते हैं। शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के साथ-साथ निकाय के समस्त शाखा प्रभारी एवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## आईबीए एंजेला कैरिनी को 50 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि देगा

पेरिस। इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने घोषणा की है कि वह पेरिस ओलंपिक में अल्जीरियाई मुक्केबाज इमाने खलीफ के खिलाफ वेल्टरवेट राउंड-ऑफ-16 मुकाबले से हटने के बाद इटली की एंजेला कैरिनी को 50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि देगी। यह मैच, जो केवल 46 सेकंड तक चला, कैरिनी खलीफ़ के आक्रामक मुक्कों से अभिभूत हो गई, जिसके कारण वह जल्दी बाहर हो गई। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय मान्यता छीन लिए गए आईबीए ने यह भी कहा कि कैरिनी के महासंघ और कोच प्रत्येक को 25,000 डॉलर मिलेंगे।

इस घटना ने खेलों में लैंगिक पात्रता पर व्यापक विवाद को जन्म दे दिया है। आईबीए के पात्रता नियमों में असफल होने के कारण 2023 विश्व चैंपियनशिप में दोनों एथलीटों को अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद, खलीफ को ताइवान के डबल विश्व चैंपियन लिन यू-टिंग के साथ पेरिस में प्रतिस्पर्धा करने के लिए मंजूरी दे दी गई थी। ये नियम पुरुष गुणसूत्र वाले एथलीटों को महिलाओं की स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने से रोकते हैं।

## कमला हैरिस अलोकतांत्रिक तरीके से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनीं

वॉशिंगटन। अपने समर्थकों को एक ईमेल में ट्रंप ने कमला हैरिस के खिलाफ प्रचार अभियान में जबरदस्त जुबानी हमले की शपथ ली। बता दें कि ट्रंप शनिवार को एटलांटा में चुनाव प्रचार करेंगे। अपने ईमेल में ट्रंप ने कहा कि 24 घंटे जबरदस्त प्रचार करने के बाद कल इस समय हैरिस का सबसे बुरा सपना सच हो जाएगा।

अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि कमला हैरिस अलोकतांत्रिक तरीके से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनीं। उन्होंने यह भी कहा कि कमला हैरिस के नाम पर एक भी वोट नहीं डाला गया था। ट्रंप ने इसे कम्यूनिस्ट चीन की याद दिलाने वाला बताया। बता दें कि राष्ट्रपति जो बाइडन के बाहर होने के बाद कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर अपना समर्थन जुटा लिया था। पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में 59 वर्षीय कमला हैरिस का सामना रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से होने वाला है।

## दक्षिणी फिलीपींस में 6.8 तीव्रता के भूकंप के झटके

नई दिल्ली। दक्षिणी फिलीपींस में शनिवार तड़के 6.8 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई है। स्थानीय भूकंप विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप के कारण किसी के भी हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि फिलीपींस में नियमित रूप से भूकंप आते रहते हैं। केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन की घटनाओं पर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे ने भारत के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, केरल के वायनाड में भूस्खलन से हुई तबाही से मैं बहुत दुखी हूं। मेरी प्रार्थना और संवेदना पीड़ितों और उनके परिवारवालों के साथ है। भूटान के पीएम के अलावा अन्य नेताओं ने भी वायनाड भूस्खलन पर दुख जताया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन ने भी भारत के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत में ईरान के राजदूत ने भी इस घटना पर प्रतिक्रिया दी। बता दें कि वायनाड में हुए भूस्खलन के कारण अबतक करीब 300 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 96 पुरुष, 85 महिलाएं और 29 बच्चे शामिल हैं।

## अमेरिका ने टिकटॉक कंपनी के खिलाफ दर्ज कर दिया मुकदमा

वाशिंगटन। अमेरिका में टिकटॉक की वजह से हजारों बच्चे बर्बादी की कगार पर पहुंच रहे हैं। रोजाना टिकटॉक की वजह से बच्चों का भविष्य खराब होने की खबरें सामने आती रही हैं। ऐसे में अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को टिकटॉक के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए मुकदमा दायर कर दिया है। इससे कंपनी हरकत में आ गई है। अमेरिका की ओर से कंपनी पर बच्चों के ऑनलाइन गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने और एक अन्य संघीय एजेंसी के साथ हुए समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। कैलिफोर्निया की एक संघीय अदालत में संघीय व्यापार आयोग के साथ मिलकर यह शिकायत ऐसे समय में दर्ज की गई है, जब अमेरिका तथा प्रमुख सोशल मीडिया कंपनी एक और कानूनी लड़ाई में उलझे हुए हैं, जो यह निर्धारित करेगी कि टिकटॉक देश में काम करना जारी रख सकेगा या नहीं। हालिया मुकदमा युवा उपयोगकर्ताओं के बीच लोकप्रिय मंच टिकटॉक और इसकी चीन स्थित मूल कंपनी बाइटडांस के एक संघीय कानून के उल्लंघन को लेकर है।

# मनु भाकर के तीसरे ओलंपिक मेडल की उम्मीद टूटी

**पेरिस। मनु भाकर पेरिस ओलंपिक 2024 में मेडल की हैट्रिक से चूक गईं. पहले दो मेडल जीत चुकीं मनु भाकर इस बार वुमेंस 25 मीटर पिस्टल इवेंट के लिए मैदान पर थीं. मनु ने इवेंट के फाइनल में जगह बनाई थी. पहले दो ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं मनु से इस बार गोल्ड मेडल की उम्मीद की जा रही थी. हालांकि वह 25 मीटर के पिस्टल इवेंट में मेडल लाने से सिर्फ एक पायदान दूर रह गईं.**



इवेंट का फाइनल खेल रहीं मनु ने कुल 28 के स्कोर के साथ चौथे पायदान पर फिनिश किया. वह मेडल पर कब्ज़ा जमाने से सिर्फ एक पायदान दूर रहीं. अगर मनु तीसरा पायदान हासिल कर लेतीं, तो वह पेरिस ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्ज़ा जमा लेतीं. हालांकि इस इस बार वह मेडल नहीं जीत सकीं.

इस इवेंट में दक्षिण कोरिया की जिन यांग ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया. इसके अलावा फ्रांस की केमिली जेद्रजेजेव्स्की ने दूसरे नंबर पर रहते हुए सिल्वर पर और हंगरी की वेरोनिका मेजर ने तीसरे नंबर पर रहते हुए ब्रॉन्ज पर कब्ज़ा जमाया. गोल्ड मेडल जीतने वाली जिन यांग का टोटल स्कोर 37 का रहा. इसके अलावा सिल्वर मेडल अपने नाम करने वाली केमिली जेद्रजेजेव्स्की ने भी 37 का स्कोर किया. हालांकि वह दूसरे नंबर पर रहीं. फिर तीसरे नंबर की वेरोनिका मेजर ने 31 का स्कोर किया. बता दें कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में कुल 2 मेडल अपने नाम किए. मनु ने पहला मेडल वुमेंस सिंगल 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में जीता था, जो ब्रॉन्ज था. इसके बाद 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट में मनु ने ब्रॉन्ज पर कब्ज़ा किया था. मिक्स्ड टीम में मुन भाकर के साथ सरबजोत सिंह शामिल थे. गौरतलब है कि वुमेंस सिंगल 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु का ब्रॉन्ज मेडल पेरिस ओलंपिक में भारत का पहला पदक था. अब तक भारत के खाते में तीन मेडल आ चुके हैं और तीनों ही मेडल शूटिंग में आए हैं.

# फ्रांस ने अर्जेंटीना को हराकर पुरुष फुटबॉल सेमीफाइनल में प्रवेश किया

पेरिस। फ्रांस शुक्रवार को अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर पेरिस ओलंपिक के पुरुष फुटबॉल सेमीफाइनल में पहुंच गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, पांचवें मिनट में माइकल ओलिसे के कॉर्नर किक के बाद फ्रांसीसी स्ट्राइकर जीन-फिलिप माटेटा ने हेडर से जोरदार हमला किया, जो मैच का एकमात्र गोल साबित हुआ।



अर्जेंटीना के लिए सबसे अच्छा मौका 36वें मिनट में आया जब एक क्रॉस पर गेंद गोल के सामने अनमार्क सौंगौटौ मगासा को मिली, लेकिन डिफेंडर का क्लोज-रेंज हेडर बार के ऊपर से निकल गया।

सेमीफाइनल में फ्रांस का मुकाबला मिस्र से होगा, जिसने पेनल्टी में पराग्वे को हराने में कड़ी मेहनत की।

ओवरटाइम में दोनों पक्षों ने 1-1 की बराबरी हासिल की, जिससे खेल शूट-आउट में चला गया। मिस्र ने पेनल्टी किक में 5-4 से जीत हासिल की जब उसके गोलकीपर अला हमजा ने मार्सेलो पेरेज़ के प्रयास को मौके से बचा लिया।

71वें मिनट में डिएगो गोमेज़ के गोल के बाद पराग्वे को 1-0 से बढ़त मिलने के बाद पराग्वे को एक बेहतर मौका मिलता दिख रहा था। मिस्र ने धैर्य बनाए रखा और 88वें मिनट में एडेल इब्राहिम ने ज़िज़ो की सहायता से गोल करके बराबरी कर ली।

दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन का मुकाबला मोरक्को से होगा। फ़र्मिन लोपेज़ के दो गोल और एबेल रुइज़ के गोल की बदौलत स्पेन ने जापान को 3-0 से हरा दिया। जापान ने दो बार पोस्ट को हिट किया और खेल के दौरान एक गोल अस्वीकार कर दिया गया। मोरक्को ने संयुक्त राज्य अमेरिका को 4-0 से हरा दिया। अफ़्रीकी टीम ने खेल पर कड़ा नियंत्रण रखा और पूरे मैच में अमेरिकी टीम के एक शॉट के मुकाबले गोल पर आठ शॉट लगाने में सफल रही।

# भारत का हॉकी क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से मुकाबला आज

पेरिस। पेरिस ओलांपिक में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से रविवार को मुकाबला होगा।

रविवार 4 अगस्त को, पूल ए विजेता जर्मनी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला रियो 2016 के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना से होगा, जो पूल बी में चौथे स्थान पर रहा, पूल बी टेबल-टॉपर्स और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम का सामना पूल ए की चौथे स्थान पर रहने वाली टीम स्पेन से होगा।



नीदरलैंड पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और अब अंतिम आठ में उसे पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करना होगा, जिसमें पूल बी उपविजेता भारत पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।

भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख 1972 के लगभग 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली ओलंपिक हॉकी जीत हासिल की, क्योंकि टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कूकाबुरास के खिलाफ 3-2 की जीत में दो बार स्कोर करके पूल में दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। मॉस्को 1980 के बाद भारत को अपना पहला स्वर्ण पदक दिलाने की उम्मीद रखने वाले हरमनप्रीत ने कहा, हमने (टूर्नामेंट) जीत के साथ शुरू किया था, और हमने फैसला किया कि हम एक विजयी मैच के साथ समापन करेंगे।

भारत के शमशेर सिंह ने अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की।

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल विजेता टीमों के बीच छह अगस्त को खेले जाएंगे। भारत ने पिछले टोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक जीता था।

# सबालेंका ने अजारेंका को हराकर डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई

वाशिंगटन डी.सी.। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, आर्यना सबालेंका ने साथी बेलारूसी विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 6-4 से हराकर डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

दूसरे सेट में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, सबालेंका की शक्तिशाली सर्विस और लचीलेपन ने उन्हें जीत की ओर प्रेरित किया। उन्होंने आठ एस लगाए और अजारेंका की गलतियों का फायदा उठाया और अनुभवी खिलाड़ी पर लगातार चौथी जीत के साथ अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड को 5-1 तक सुधार लिया।



इस साल की शुरुआत में अपना लगातार दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाली सबालेंका ने कंधे की चोट के कारण दोनों खिलाड़ियों के विंबलडन से हटने के बाद अपनी बढ़ती फॉर्म और फिटनेस का प्रदर्शन किया। अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए, सबालेंका ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं अब तक वास्तव में बहुत अच्छा कर रही हूं। चोट अतीत की बात है। मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रही हूं।

इसके बाद, सबालेंका का सामना चेक गणराज्य की मैरी बौज़कोवा से होगा, जिन्होंने 19 वर्षीय अमेरिकी रॉबिन मोंटगोमरी को 6-3, 6-1 से हराया। बौज़कोवा के साथ अपने पिछले मुकाबले पर विचार करते हुए सबालेंका ने कहा, भले ही हमारी पिछली मुलाकात में स्कोर काफी आसान था, लेकिन यह वास्तव में कठिन लड़ाई थी। यह उतना आसान नहीं था जितना दिखता है। वह एक महान फाइटर है।

महिलाओं के दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा का मुकाबला अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड से होगा।

## झारखंड विधानसभा : खनन खनिजों पर उपकर लगाने के लिए विधेयक पारित

नई दिल्ली। झारखंड विधानसभा ने को राज्य के राजस्व को बढ़ाने के लिए खनन खनिजों पर उपकर लगाने के प्रावधान वाला विधेयक पारित कर दिया। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के 25 जुलाई के फैसले का अनुसरण करता है, जिसमें पुष्टि की गई थी कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने की विधायी शक्ति राज्यों के पास है।

प्रभारी खनन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने झारखंड खनिज असर भूमि उपकर विधेयक 2024 पेश किया, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। विधेयक में प्रति मीट्रिक टन आधार पर विभिन्न खनिजों के लिए अलग-अलग कर दरों का प्रस्ताव है~ कोयला और लौह अयस्क के लिए 100 रुपये, बॉक्साइट के लिए 70 रुपये और मैंगनीज अयस्क और अन्य खनिजों के लिए 50 रुपये। आजसू विधायक लंबोदर महतो और भाकपा (माले) विधायक विनोद कुमार सिंह ने तकनीकी कारणों से विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजने का सुझाव दिया। महतो ने उपकर दरों के आधार पर सवाल उठाया और प्रस्ताव दिया कि उपकर से प्राप्त राजस्व का उपयोग विस्थापितों के कल्याण और मुआवजे के लिए किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैं सरकार को यह प्रावधान जोड़ने का सुझाव दूंगा कि उपकर से उत्पन्न धन का उपयोग कल्याण और विस्थापित लोगों के लिए किया जाएगा। सिंह ने तर्क दिया कि कर वजन के बजाय खनिजों के बाजार मूल्य पर आधारित होना चाहिए।

## एनसीएलएटी ने बीसीसीआई के साथ बायजू के समझौते को मंजूरी दी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्याधिकरण (एनसीएलएटी) ने शुक्रवार को वित्तीय संकट में फंसी शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू को बड़ी राहत देते हुए उसके खिलाफ दिवालालिया कार्यवाही को निरस्त कर दिया। एनसीएलएटी ने बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। इसमें बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 158.9 करोड़ रुपये की रकम चुकाने में चूक पर थिंक एंड लर्न के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाया था। यह अपील दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत की गई थी।

**दिवालिया कार्यवाही निरस्त**

एनसीएलटी ने इस मामले में थिंक एंड लर्न के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दे दिया था। इसे अपीलीय न्यायाधिकरण में चुनौती दी गई थी। हालांकि, बीसीसीआई ने मंगलवार को एनसीएलएटी के समक्ष बायजू के साथ विवाद में सुनवाई को टालने का अनुरोध किया था और संकेत दिए थे कि दोनों पक्षों के बीच सुलह के लिए बातचीत जारी है।

## यूपीआई से लेनदेन, सालाना आधार पर 45 प्रतिशत इजाफा

नई दिल्ली। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भुगतान में 45 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। लेनदेन के मूल्य में भी 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई और यह कुल 20 लाख 64 हजार करोड़ रुपये रही।

लगातार तीसरे महीने में यूपीआई से कुल लेनदेन 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। जून 2024 में कुल यूपीआई लेनदेन मूल्य 20.07 लाख करोड़ रुपये था, जबकि मई में यह 20.44 लाख करोड़ रुपये था। एनपीसीआई के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि जुलाई 2024 में यूपीआई के जरिए हर दिन औसतन 44.6 करोड़ लेनदेन (लगभग 66,590 करोड़ रुपये) किए गए। जून की तुलना में जुलाई में यूपीआई लेनदेन में 3.95 प्रतिशत का इजाफा हुआ। जबकि लेनदेन के मूल्य में 2.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले चार महीनों में, यूपीआई के जरिए लगभग 55.66 अरब लेनदेन में 80.79 ट्रिलियन रुपये का दिए या लिए गए। 2023-24 में, कुल यूपीआई लेनदेन 131 अरब रहा था। जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 84 अरब था। भारतीय रिज़र्व बैंक के मासिक बुलेटिन के अनुसार पिछले चार वर्षों में, यूपीआई लेनदेन की मात्रा में दस गुना वृद्धि देखी गई है, जो 2019-20 में 12.5 अरब लेनदेन से 2023-24 में 131 अरब लेनदेन तक पहुंचा है। यह कुल डिजिटल भुगतान का 80 प्रतिशत है।

# प्रथम पेज का शेष

***पीएम मोदी का बड़ा ऐलान***

दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। उन्होंने कहा कि जब आईसीएई का सम्मेलन आखिरी बार भारत में हुआ था, तब भारत को खाद्य सुरक्षा और कृषि से संबंधित अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। लेकिन आज, भारत एक खाद्य अधिशेष देश बन गया है, जो कृषि क्षेत्र में भारत की प्रगति को दर्शाता है।

0 मिलेट्स को दिया 'श्री अन्ना' का दर्जा- प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने मिलेट्स को 'श्री अन्ना' का दर्जा दिया है। यह फसल जिसे दुनिया सुपर फूड के रूप में पहचानती है, अब वैश्विक पोषण समस्या का समाधान बन सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने सुपर फूड्स की टोकरी को दुनिया के साथ साझा करने के लिए तत्पर है, ताकि वैश्विक स्तर पर पोषण संबंधी चुनौतियों का समाधान हो सके। भारत ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।0 देश के कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति दिखाई जाएगी- इस वर्ष के सम्मेलन का थीम 'सतत कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर परिवर्तन' है। इस सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, उत्पादन लागत में वृद्धि और वैश्विक संघर्ष जैसी समस्याओं से निपटना है। इस सम्मेलन में भारत के कृषि अनुसंधान और नीति की सक्रियता को प्रदर्शित किया जाएगा और देश के कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति को भी दिखाया जाएगा।

0 75 देशों के 1000 प्रतिनिधि ले रहे सम्मेलन में हिस्सा- इस सम्मेलन में लगभग 1000 प्रतिनिधि 75 देशों से भाग ले रहे हैं। आईसीएई 2024 का यह आयोजन युवा शोधकर्ताओं और एग्री प्रोफेशनल्स के लिए अपने काम को प्रदर्शित करने और नेटवर्क बनाने का एक मंच है। इस आयोजन के माध्यम से शोध संस्थानों और यूनिवर्सिटीज के बीच साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा, जो वैश्विक कृषि चुनौतियों के समाधान में सहायक होगा।

***लोग कोर्ट के मामलों से***

0 920 मामलों को हुआ निपटारा- शीर्ष अदालत ने विशेष लोक अदालत सप्ताह के उपलक्ष्य में शनिवार को स्मरणोत्सव समारोह का आयोजन किया। 29 जुलाई से दो अगस्त तक विशेष अदालतों का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में सुनवाई के लिए कुल 14,045 मामलों को चुना गया था। वहीं लोक अदालत पीठों के समक्ष 4,883 मामले सूचीबद्ध किए गए थे। इनमें से 920 मामलों का निपटारा किया गया।

***एसएसबी के डीजी दलजीत सिंह***

इन हमलों के मद्देनजर, भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा को और मजबूत करना जरूरी हो गया है। बता दें कि बीएसएफ की जिम्मेदारी पश्चिमी सीमा पर भारत-पाकिस्तान और पूर्वी सीमा पर भारत-बांग्लादेश की सुरक्षा की होती है। 0 नेपाल और भूटान सीमा की रक्षा करती है एसएसबी- एसएसबी, जो कि दलजीत सिंह चौधरी की निगरानी में है, भारत की नेपाल और भूटान के साथ सीमा की सुरक्षा करता है। हाल ही में, केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने एसएसबी के उपमहानिदेशक योगेश बहादुर खुड़ानिया को भी उनके मूल ओडिशा कैडर में वापस भेजने का आदेश दिया है। इस प्रकार, बीएसएफ और एसएसबी की सीमाओं की सुरक्षा के लिए यह निर्णय समय पर लिया गया है।

***परिसीमन की अधिसूचना के ...***

लेकिन क्योंकि शासन ने परिसीमन की अधिसूचना को ग़ज़ट् में प्रकाशित कर दिया है इसलिए याचिकाकर्ता पूर्व विधायक ने पुनः एक और याचिका दायर किया है जिसमे न्याय की गुहार लगाते हुए उच्च न्यायालय से अपील किया है कि इस जल्दबाज़ी की अधिसूचना को स्टे किया जाये और पूर्व के परिसीमन से ही आगामी निगम चुनाव करवाये जाये।

***सीएम विष्णुदेव बोले, राम मंदिर...***

उन्होंने कहा कि संत विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा कर रहे हैं। 15 दिवस में छत्तीसगढ़ के 13 जिलों की यात्राएं की।

विश्व शांति एवं कल्याण के लिए यह यात्रा लाभदायी होगी। सीएम ने समाज कल्याण के लिए विहंगम योग संत समाज के प्रयासों की प्रशंसा की।

***बीजेपी प्रदेश कोर ग्रुप और मंत्रिमंडल***

मंत्रिमंडल की बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी चौधरी, दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सरोज पांडेय, लता उसेंडी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरत वर्मा व रामजी भारती आदि बीजेपी नेता मौजूद रहे।

# आर्चरी और शूटिंग में मेडल से चूका भारत

पेरिस। पेरिस ओलिंपिक के 8वें दिन भारत को आर्चरी और शूटिंग में 2 मेडल की उम्मीद थी, लेकिन ये पूरी नहीं हो पाई। विमेंस शूटिंग में शनिवार को 25 मीटर विमेंस पिस्टल का फाइनल हुआ। भारतीय शूटर मनु भाकर अपने तीसरे मेडल से चूक गईं।

वे फाइनल में चौथे नंबर पर रहीं। मनु शूटऑफ में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली हंगरी की मेजर वेरोनिका से हारीं। 22 साल की मनु इसी ओलिंपिक में 2 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। आर्चरी में दीपिका कुमारी इंडिविजुअल कैटेगरी में क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारीं। उन्हें कोरिया की नैम सू योन ने 6-4 से हराया। उनका मुकाबला मैक्सिको के मार्को एलेंसो वेर्दे अल्वारेज से होगा।

अगर निशांत मैच जीतते हैं, तो भारत का ब्रॉन्ज मेडल पक्का हो जाएगा। भारत ने पेरिस ओलिंपिक में सिर्फ 3 मेडल जीते हैं, इनमें तीनों ब्रॉन्ज हैं। तीनों मेडल शूटिंग से आए हैं। भारतीय निशानेबाज अनंत जीत सिंह नरूका मेंस स्कीट क्वालिफिकेशन राउंड के 24वें स्थान पर रहे। उन्होंने पांच राउंड में कुल 116 का स्कोर किया, लेकिन यह प्रदर्शन उन्हें ओलंपिक डेब्यू पर फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं रहा। केवल टॉप-6 निशानेबाज आज बाद में मेंस के स्कीट फाइनल में हिस्सा लेंगे। भारतीय निशानेबाज अभी तक ओलिंपिक गेम्स में शॉटगन शूटिंग के स्कीट इवेंट में अब तक मेडल नहीं जीत सका है।

## बीसीसीआई भारतीय क्रिकेटर्स को जल्द ही देगा खास गिफ्ट, सचिव जय शाह ने कर डाली बड़ी घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को कहा कि जल्द ही एक नयी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का उद्घाटन किया जाएगा। इसमें 45 अभ्यास पिचें तथा अन्य सुविधाओं के साथ एक ओलंपिक आकार का तरणताल होगा। जय शाह ने बताया कि बेंगलुरू में नए एनसीए में 'अत्याधुनिक प्रशिक्षण, उबरने और खेल विज्ञान सुविधाएं' भी होंगी। शाह ने एक्स पर लिखा, 'यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि बीसीसीआई की नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) लगभग पूरी हो गई है और जल्द ही बेंगलुरू में खुलेगी।' उन्होंने लिखा, 'नए एनसीए में तीन विश्व स्तरीय खेल मैदान, 45 अभ्यास पिचें, इनडोर क्रिकेट पिचें, ओलंपिक आकार का तरणताल और अत्याधुनिक प्रशिक्षण, उबरने और खेल विज्ञान सुविधाएं होंगी।'

शाह ने कहा कि यह पहल देश के मौजूदा और भविष्य के क्रिकेटरों को सर्वोत्तम संभव माहौल में अपना कौशल विकसित करने में मदद करेगी। मौजूदा एनसीए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के परिसर में स्थित है और बीसीसीआई जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पूर्वोत्तर में भी एनसीए शुरू करने की प्रक्रिया में है। नए कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में इस वक्त भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका का दौरा कर रही है। भारत ने पहले यहां 3 मैच की टी20 सीरीज खेली।

# ठेलकाडीह महाविद्यालय में प्रेमचंद जयंती मनाई गई

**ठेलकाडीह (दावा)। विगत 31 जुलाई 2024 को शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में प्राचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा डॉ. लालचंद सिन्हा के संयोजकत्व में महान कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर 'मुंशी प्रेमचंद का साहित्य और भारतीय समाज' विषय पर केन्द्रित विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अंचल के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ लोक साहित्यकार-गीतकार डॉ. जीवन यदु 'राही' जी थे।**

विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार प्रभात तिवारी, अध्यक्ष प्रगतिशील लेखक संघ राजनांदगांव, पोषण वर्मा, संचिव प्रलेस राजनांदगांव, साहित्यकार मुन्ना यादव एवं हरेन्द्र कंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य श्री श्रीवास्तव जी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं प्रेमचंद जी के तैलचित्रों पर माल्यापर्ण के साथ हुआ। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बहुत ही अच्छी सहभागिता रही। कु. रामेश्वरी पाल, कु. मनीषा यदु, कु. यामिनी साहू, कु. मनीषा जांगड़े, कु. लक्ष्मी साहू एवं कृष्ण कुमार साहू आदि के द्वारा मुंशी प्रेमचंद जी की कहानियां जैसे - पूस की रात, कफन, नमक का दरोगा, बड़े घर की बेटी, सवा सेर गेहूँ, ईदगाह तथा प्रेमचंद के जीवन पर आधारित सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार श्री हरिशंकर परसाई जी की रचना 'प्रेमचंद के फटे जूते' का भावपूर्ण वाचन किया गया।



इस अवसर पर प्राचार्य श्री श्रीवास्तव जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आजादी के आंदोलन में मुंशी प्रेमचंद के साहित्य की भूमिका को रेखांकित किया तथा तत्कालीन महाजनी और जमीदारी व्यवस्था के दौर में भारतीय किसानों, मजदूरों और स्त्रियों की दयनीय स्थिति को स्पष्ट किया। पोषण वर्मा ने विद्यार्थियों को रचना कर्म और साहित्य से लगाव के साथ जुड़ने हेतु प्रेरित किया। मुन्ना यादव ने प्रेमचंद को कालजयी साहित्यकार निरूपित करते हुए उनकी रचनाओं की समसामायिकता और प्रासंगिकता को रेखांकित किया तथा प्रेमचंद साहित्य को अधिकाधिक अध्यन करने की आवश्यता पर जोर दिया। वरिष्ट साहित्यकार प्रभात तिवारी ने प्रेमचंद जी के विभिन्न कहानियों पर को संदर्भित करते हुए भारतीय किसानों के शोषण प्रक्रिया के विविध स्तरों को उद्घाटित किया । अंचल के सुप्रसिद्ध लोक साहित्यकार डॉ. जीवन यदु 'राही' जी ने आजादी के आंदोलन में प्रेमचंद और उनके साहित्य के अवदान को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रेमचंद न केवल कथाकार थे बल्कि महान सामाजिक विचारक और सच्चे युग सचेतक साहित्यकार थे। उनके साहित्य में तत्कालीन भारतीय समाज अपनी समग्रता के साथ उपस्थित है। श्री राही जी ने साठ के दशक में भारत की आम जनता का आजादी से मोह भंग के कारणों को बताते हुए बदली हुई स्थितियों का चित्रण अपनी सुप्रसिद्ध काव्य रचना ''आजादी के बाद बबा के मेहनत मिलगे मट्टी म'' से किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. लालचंद सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन करते मुंशी प्रेमचंद जी के जीवन, साहित्य और विचार त्रयी को सारगर्भित दंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की बहुत अच्छी सहभागिता रही। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन विनय कुमार मसियारे (सहा. प्राध्यापक) ने किया।

## महतारियों का हो रहा सम्मान, रक्षाबंधन से पहले महतारी वंदन योजना की 6वीं किस्त जारी: गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की महिलाओं को सौगात देते हुए महतारी बंदन योजना की 6वीं किस्त जारी की। प्रदेश की 70 लाख से अधिक महतारियों को योजना के तहत करीब 655 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई।

इस पर राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि प्रदेश की सत्ता में काबिज हुई विष्णुदेव सरकार निरंतर मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार विकास के नए आयाम गढ़ रही है। सुशासन, समृद्धि और विकास के नए आयाम गढ़ने का संकल्प लेकर राज्य सरकार कार्य कर रही है। राज्य के हर वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। महतारी वंदन योजना इसका बहुत बड़ा



उदाहरण है। मार्च 2024 से प्रदेश की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रही है। प्रतिमाह उनके बैंक खाते में एक हजार रुपए पहुंच रहे हैं। इस बार 01 अगस्त को राशि जारी की गई है। इससें माताओं को रक्षाबंधन से पहले सौगात मिली है। साथ ही विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन ऐप का भी शुभारंभ किया। इस ऐप के माध्यम से महिलाओं को हर महीने राशि किस खाते में मिली आदि जानकारी आसानी से मिल सकेगी। इसके अलावा महिलाएं इस ऐप के जरिए शिकायतें भी भेज सकती हैं। वहीं निराकरण की स्थिति भी देख सकती है। सरकार द्वारा योजनांतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले दिशा-निर्देशों की सूचना भी मोबाइल ऐप के माध्यम से मिल सकेगी। सबके लिए संकल्पित सरकार जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार के इस डबल इंजन की सरकार ने राज्य में विकास की नई गाथा लिख रही है। कृषक उन्नति योजना से किसान खुशहाल हो रहा है। गरीबों को पक्के मकान मिल रहे हैं। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनाए जा रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर बस्तर को नक्सल मुक्त कराने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार विष्णुदेव के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के हर वर्ग के लिए काम कर रही है।

## दिग्विजय कॉलेज में 5 अगस्त को दीक्षारंभ कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में सत्र 2024 -25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। स्नातक प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम से संबंधित इंडक्शन कार्यक्रम एवं दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में 5 अगस्त को किया जा रहा है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव के विधायक एवं वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी होंगे। सांसद संतोष पांडेय महापौर श्रीमती हेमा देशमुख' अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीताघासी साहू रमेश पटेल समाजसेवी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## नेहरू महाविद्यालय में प्रेमचंद जयंती पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी एवं विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता संपन्न

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 31 जुलाई बुधवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा गांव गरीब, किसान के दर्द को अपनी लेखनी में खुबसूरती से उतारने वाले उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी एवं प्रेमचंद जी का रचना संसार विषय पर विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया।

विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता में स्नातक स्नातकोत्तर की छात्र-छात्राओं चांदनी कंवर द्वारा प्रेमचंद कृत कहानी ईदगाह, अलीशा मानिकपुरी द्वारा कहानी संग्रह, चांदनी जंघेल द्वारा सौत कहानी, करण मेश्राम द्वारा कहानी पंच परमेश्वर, मुस्कान मेश्राम द्वारा कहानी पूस की रात एवं विकास




मेश्राम द्वारा उपन्यास निर्मला पर विचाराभिव्यक्ति किया गया। इसमें चांदनी कंवर एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, विकास मेश्राम एम.ए हिंदी प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय तथा मुस्कान मेश्राम भाग 2 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन प्रेमचंद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 150 प्रतिभागी सम्मिलित हुए, उन्हें महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया। प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही रेवती द्वारा विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद हैं। छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा रचित साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। डॉ आशा चौधरी विभागाध्यक्ष इतिहास द्वारा प्रेमचंद के सहज सरल व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए उपन्यास कायाकल्प की विशेषताओं की चर्चा किया गया।

डॉ.नौशीन अंजुम द्वारा प्रेमचंद की रचनाओं की लोकप्रियता के बारे में बताया गया। हिन्दी विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपूत द्वारा प्रेमचंद की रचनाओं में आदर्शोन्मुखी यथार्थवाद पर प्रकाश डाला गया। डॉ. येशुकृति हजारे द्वारा प्रेमचंद कृत उपन्यास गोदान एवं कहानी दुनिया का सबसे अनमोल रतन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एवं नीलम सिन्हा द्वारा प्रेमचंद के व्यक्तित्व का उनके कृतित्व पर प्रभाव वर्णित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा चांदनी कंवर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. नीता राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्नातक स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## अयोध्या धाम हेतु यात्रियों का तीसरा जत्था 22 अगस्त को

**राजनांदगांव (दावा)। भगवान श्रीरामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम जाने के लिये पूरे जिले के नागरिकों में व्यापक उत्सुकता है, बड़ी संख्या में अपने निजी प्रयासों से जहां लोग अयोध्या धाम जा रहे है, वही छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा के अनुरूप भी यात्रियों को निःशुल्क अयोध्या धाम ले जाया जा रहा है। सरकार गठन के पश्चात् जिले से यात्रियों के दो जत्थे पहले ही अयोध्या धाम की यात्रा कर वापस आ चुके है। अब तीसरा जत्था 22 अगस्त से 25 अगस्त तक अयोध्या धाम के लिये रवाना होगा, जिसकी तैयारी प्रारंभ हो गई है।**

श्री रामलला दर्शन यात्रा समिति के सदस्य मूलचंद लोधी ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि इस संदर्भ में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधीश की उपस्थिति में यात्रा दर्शन हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें श्रीकांत कोर्राम डिप्टी कलेक्टर को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। अयोध्या धाम की यात्रा के लिये प्रचार-प्रसार करने का निर्णय हुआ इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद



पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में नगरीय निकायों को जिम्मेदारी दी गई है, ये दोनों संस्थान यात्रियों को आवेदन पत्र उपलब्ध कराकर भरवाने का काम करेंगे। अयोध्या धाम जाने के लिये चयनित तीर्थ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जायेगा, इस हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों को अधिकृत किया गया है। अयोध्या धाम यात्रा के तीसरे जत्थे में कुल 91 यात्रियों का समावेश किया गया है, इसमें 75 प्रतिशत यात्री ग्रामीण क्षेत्रों व 25 प्रतिशत यात्री शहरी क्षेत्रों से चयनित किये जायेंगे। तीर्थ यात्रियों के चयन का जिम्मा ग्राम पंचायतो, नगरीय निकायों द्वारा योजनान्तर्गत दिये गये दिशा-निर्देश का पालन करते हुये किया जाएगा, इसके लिये निर्धारित आयु सीमा 55 वर्ष से लेकर 75 वर्ष के बीच होगी। 65 वर्ष की आयु के यात्रियों को साथ में सहायक ले जाने की सुविधा होगी। आने-जाने-रहने व खानपान की संपूर्ण व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। मूलचंद लोधी ने आगे बताया कि शासन द्वारा गठित श्री रामलला दर्शन यात्रा समिति में जिलाधीश पदेन अध्यक्ष है, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला पुलिस अधीक्षक, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिले के सत्कार अधिकारी पदेन सदस्य बनाये गये है। इसी प्रकार जिला भाजपा के उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी इस समिति में एकमात्र नामांकित सदस्य रखे गये है।

## कानफ्लुएंस कॉलेज में कैरियर गाइडेंस का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ द्वारा छात्र-छात्राओं के करियर को ध्यान में रखते हुए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि व्याख्याता के रूप में यूनियन बैंक आफ इंडिया, शाखा राजनांदगांव के शाखा प्रबंधक ने छात्रों के करियर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

उन्होंने राज्य सेवा, लोक सेवा आयोग, व्यापम द्वारा होने वाली भर्तियों के अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में जैसे बैंक, रेलवे, सेना के अलावा विभिन्न संस्थान के बारे में बताया जो विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी था। उनके सारगर्भित, सटीक जानकारी देने से विद्यार्थी उत्साहित दिखे। विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय चुनने के बारे में प्रश्न किया। इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि कैरियर मार्गदर्शन, व्यक्तियों को उनके जीवन के विभिन्न बिंदुओं पर उनके करियर विकास की आवश्यकताओं को आकलन करने, करियर के प्रभावी चुनाव की प्रक्रिया को समझने, भविष्य के लिए अपने उद्देश्यों को स्पष्ट करने, इन उद्देश्यों को लागू करने के लिए उचित कार्यवाही करने में मदद करता है।

## बायपास व परिक्रमा पथ की स्वीकृति लिए डॉ. रमन सिंह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की भाजपा नेताओं ने मुलाकात कर दिया धन्यवाद

डोंगरगढ़(दावा)। शहर में आए दिन दुर्घटना होती जा रही थी जिसका एकमात्र कारण लगातार बड़ी गाड़ियाँ शहर के बीचों-बीच सरपट दौड़ती देखी जा रही थी जिसकी माँग शहरवासी व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लगातार कई सालों से की जा रही थी। परंतु प्रदेश में जैसे ही विष्णुदेव की भाजपा सरकार बनी लगातार जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर की बायपास मांग को लेकर भाजपा के नेताओं द्वारा इस विषय को उठाया गया अंतत पिछले दिनों छत्तीसगढ़ सरकार के बजट प्रावधान में डोंगरगढ़ शहर को दो बड़ी सौगाते प्राप्त हुई।



सबसे पहले बड़ी गाड़ियों की आवाजाही के लिए शहर सीमा से बाहर की ओर से बायपास निर्माण जो स्वीकृत हुआ और दूसरा परिक्रमा पथ निर्माण दोनों ही सौगातों से शहरवासियों में भाजपा सरकार के प्रति और अधिक विश्वास बढ़ा है। इसे लेकर लगातार प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिलता रहा, जिस पर शनिवार को डोंगरगढ़ शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, विवेक मोनू भंडारी, अमित बोस ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसदद्वय मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह का भी विशेष तौर पर आभार व्यक्त कर कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से डोंगरगढ़ को राज्य सरकार की यह बढ़ी उपलब्धि प्राप्त हो पाई है।

## जिले के महाविद्यालय सहित हायर सेकंडरी व हाईस्कूलों में विधायक ने नियुक्त किये अपने प्रतिनिधि

खैरागढ़ (दावा)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में विधायक निर्वाचित होने के बाद यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने जिले के महाविद्यालयों सहित हायर सेकंडरी स्कूल तथा हाईस्कूलों में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। रानी रश्मि देवी महाविद्यालय खैरागढ़ में सुबोधकांत पांडेय, रानी अवंतीबाई महाविद्यालय छुईखदान में नीरज महोबिया, शासकीय महाविद्यालय गंडई में साकेत दुबे, जालबांधा महाविद्यालय में अशोक साहू, बाजार अतरिया महाविद्यालय में गोलू पाल तथा रानी दुर्गावती महाविद्यालय साल्हेवारा में डॉ.राकेश वर्मा को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस बालक खैरागढ़ में यतेन्द्रजीत सिंह, सेजेस कन्या खैरागढ़ में श्रीमती आरती यादव, कांचरी में संदीप सिरमौर, मदराकुही में





**यतेंद्रजीत सिंह बने डॉ. पदुमलाल पन्नालाल बक्शी स्कूल के विधायक प्रतिनिधि**

धनीराम साहू, शा.उ.मा. सेजेस जालबांधा भूखन बंजारे, कामठा में लक्ष्मीकांत, मड़ौदा में अशोक वर्मा, चंदैनी में भागवत वर्मा, बाजार अतरिया में प्रकाश वर्मा, डोकराभाठा में ओमप्रकाश साहू, सेजेस छुईखदान में सज्जाक खान, सेजेस गंडई में दिलीप ओगरे, सेजेस साल्हेवारा में परमात्मा मानिकपुरी, उदयपुर में महंगूराम जंघेल, रोड अतरिया में अशोक जंघेल, धोधा में शत्रुहन चंदेल, रामपुर में चंद्रभूषण चदु, बागुर में रंजीत चंदेल, साल्हेकला में नेतराम बंजारे, बकरकट्टा में नामदेव पटेल, कन्या छुईखदान में मनोज चौबे, कन्या गंडई में हेमलता ठाकुर, ठाकुरटोला में रोहित पुलत्स्य, बुंदेली में गोकुल जंघेल, झुरानदी में योगेश वर्मा, पेन्डरवानी में दिनेश रजक, जंगलपुर में थानसिंह जंघेल, पैलीमेटा में दिलीप नागवंशी, पद्मावतीपुर हेमलाल देवांगन, मोहगांव में मोतीराम मरकाम, कटंगी में भादु पटेल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

इसी तरह हाईस्कूल भरदाकला में लतमार साहू, दपका में रत्नेश रजक, लिमतरा में रामकुमार जांगड़े, दिलीपपुर में नरेन्द्र टंडन, बफरा में महेश साहू, जोरातराई में संतोष वर्मा, सिंघौरी में दिलीप शर्मा, खुड़मुड़ी में पेखन जंघेल, ठंढार में अरूण जोशी, सरईपतेरा में पंचम पटेल, आमगांव घाट में सुखीराम पटेल, कुटेलीकला में चंद्रिका साहू, कुम्हरवाड़ा में सुरेन्द्र पटेल, उदान में छन्नू जंघेल, सुखरी में अमरदास मनहरे, देवरच्चा में गुहाराम यादव, ढाबा में गोविंद धनकर, कोपरो में दिनेश बोरकर, संडी में कैलाश वर्मा, कुटेलीखुर्द में ललित महोबिया, गातापार नाका में अशोक वर्मा, नचनिया में गंगूराम मेरावी, लिमो में इजराईल खान, भूरभूसी में गोवर्धन साहू व खैरबना में मनहरण जंघेल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

## लोधी युवा जिलाध्यक्षों का शपथ ग्रहण नगर पंचायत पथरिया जिले के मुंगेली में सम्पन्न

**डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के युवा जिला अध्यक्षों का शपथग्रहण मुंगेली जिले के नगर पंचायत पथरिया में बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत युवाओं द्वारा किया गया। युवाओं को पद की शपथ छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने दिलाई। शपथग्रहण उपरांत सभी अतिथियों ने युवाओं को आशीर्वाद दिया।**

आशीर्वचन में छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने सभी युवा जिला अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा युवा वर्ग समाज का भविष्य होने के साथ-साथ समाज के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।




- प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने सभी युवा जिला अध्यक्षों को शपथ ग्रहण उपरांत बधाई दी
- 16 अगस्त को से अवंती यात्रा का पूरे प्रदेश में भ्रमण किया जायेगा

समाज द्वारा एक नया युवा नीति बनाने पर विचार कर रही है। युवाओं की क्षमताओं को पहचानना और उसके अनुसार उन्हें अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना और इसके माध्यम से समाज को उसका सही स्थान दिलाना है। विष्णु लोधी ने कहा युवाओं के व्यक्तित्व में सुधार लाने, उनमें नेतृत्व के गुण विकसित करने एवं उनमें जिम्मेदार नागरिक के गुण और समाजसेवा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से युवा विभाग विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वियत करेंगे ।

### 16 अगस्त को से अवंती यात्रा का पूरे प्रदेश में भ्रमण किया जायेगा

प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लोधी ने बताया कि, अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की जयंती 16 अगस्त से 30 अगस्त तक युवाओं द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। अवंती यात्रा पुरे प्रदेश में निकालने अवंती पर्व के रूप में मनाने एवं रक्त दान करने वालों की सुची मोबाइल नंबर सहित ब्लाक वाइस सभी ब्लाकों एवं जिलों के अस्पतालों में चस्पा करने की बात कही गई है। महिलाओं के लिए अवंती भोजली महोत्सव एवं संकट मेला की बात कही। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश लोधी ने किया, आभार व्यक्त रामराज वर्मा ने किया। कार्यक्रम को घनश्याम वर्मा, विष्णु लोधी, विमल पटेल, भरत वर्मा, जगदीश वर्मा, जीवन कौशिक, सुरेश सिंगरौर, बनाउं, उत्तम चंदेल, जमुना प्रसाद, जागेश्वरी वर्मा, कृष्ण कुमार सिंगौर, अधीन जंघेल एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं पदाधिकारी व युवा, महिला उपस्थित रहे।



विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# हरेली तिहार

4 अगस्त 2024

## जम्मो छत्तीसगढ़िया मन ला गाड़ा- गाड़ा बधई...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

## खेती- किसानी अउ खुशहाली

**धान खरीदी**
3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से
किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़

**मिला बकाया धान बोनस**
13 लाख किसानों को मिला
2 वर्ष का बकाया धान बोनस,
खाते में पहुंचे 3716 करोड़ रुपए

**प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड**
सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को
खाद बीज एवं कृषि उपकरणों की खरीदी के
लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लोन

**किसानों को अतिरिक्त लाभ**
धान का समर्थन मूल्य और रकबा बढ़ने से
किसानों को प्रति एकड़ करीब 25,500 रूपए
का अतिरिक्त लाभ






महावृक्षारोपण अभियान
एक पेड़ माँ के नाम
प्रदेश में रोपे जा रहे करीब 4 करोड़ पौधे

छग संवाद- 41055/80

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com